


MPHIN/2021/83938

# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 203 | ग्वालियर, मंगलवार 2 अप्रैल 2024 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

## न्यूज ट्रैक

### स्वामी प्रसाद मौर्य को समर्थन देंगी पल्लवी पटेल कहा- अखिलेश ने गठबंधन धर्म नहीं निभाया

लोकसभा चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश में अपना दल कमेरावादी की नेता पल्लवी पटेल ने समाजवादी पार्टी के नेता और यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव पर आरोप लगाए हैं. उन्होंने कहा है कि अखिलेश ने गठबंधन धर्म नहीं निभाया था जिस वजह से हमने इनसे अलग होने का फैसला किया है. अपना दल (क) की नेता ने कहा कि हम बड़ी मजबूती से सपा का साथ दे रहे थे लेकिन, उन्होंने हमें उचित सम्मान नहीं दिया.पल्लवी पटेल ने कहा कि अभी जो वर्तमान परिस्तिथितियां है उसमें दलितों और मुसलमानों का दमन हो रहा है इसलिए हमने यह गठबंधन बनाया है और हमें पूरा विश्वास है कि हमको जनता का समर्थन मिलेगा. हम प्रदेश में मजबूती से लड़ेंगे और जीतेंगे.

**स्वामी प्रसाद मौर्य पर बोली पल्लवी पटेल**–सपा विधायक ने कहा कि जो हमारे साथ आना चाहता है उनका स्वागत है. स्वामी प्रसाद मौर्य के साथ आने पर पल्लवी ने कहा कि - स्वामी प्रसाद मौर्या तो हमारे साथ है हम उनको समर्थन देंगे वह भी जल्द ही हमारे गठबंधन में शामिल होंगे. बता दें कि इससे पहले जब मौर्य सपा से अलग हुए थे, तब भी पल्लवी पटेल खुलकर उनके साथ खड़ी दिखाई दीं थी.समाजवादी पार्टी से गठबंधन टूटने के बाद पल्लवी पटेल ने असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के साथ गठबंधन किया है. पल्लवी पटेल ने पीडीए के जवाब में पीडीएम यानी पिछड़ा, दलित और मुस्लिम का नया मोर्चा तैयार किया है. वहीं दूसरी तरफ स्वामी प्रसाद मौर्य भी नई पार्टी का गठन कर चुके हैं. पल्लवी पहले का दावा है कि मौर्य भी जल्द ही उनके साथ आएंगे. पल्लवी पटेल के नए गठबंधन से समाजवादी पार्टी के तगड़ा झटका लग सकता है. एक तरफ मायावती उनका खेल खराब कर सकती हैं तो वहीं दूसरी तरफ पल्लवी पटेल, असदुद्दीन ओवैसी,चंद्रशेखर आजाद और स्वामी प्रसाद मौर्य मिलकर उनके लिए दिक्कतें खड़ी कर सकते हैं


### गैर कानूनी तरीके से वीडियो बनाना रईसजादे यूट्यूबर को पड़ा महंगा, गाड़ी जब्त,

बाहरी दिल्ली के पश्चिम विहार फ्लाईओवर पर एक शख्स को खतरनाक तरीके से गाड़ी चलाने का वीडियो बनाना महंगा पड़ गया. इस मामले में बाहरी दिल्ली जिले की एएटीएस ने वीडियो बनाने वाले शख्स की न केवल गाड़ी जब्त कर ली बल्कि यातायात के सात नियमों के उल्लंघन करने और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है.दिल्ली पुलिस ने आरोपी शख्स प्रदीप ढाका को गिरफ्तार कर लिया है. दिल्ली पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में उस पर 36 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है.

## पिछले दस सालों में जो हुआ वो सिर्फ ट्रेलर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को मुंबई में आयोजित रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के 90वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए. इस कार्यक्रम में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फरणवीस, अजीत पवार और आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास भी मौजूद रहे. इस दौरान पीएम मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित किया. पीएम मोदी ने कहा कि, ÷आज भारत का रिजर्व बैंक एक ऐतिहासिक पढ़ाव पर पहुंचा है. आरबीआई ने अपने 90 साल पूरे किए हैं.

पीएम मोदी ने कहा कि, एक संस्थान के रूप में आरबीआई आजादी से पहले और आजादी के बाद दोनों ही कालखंड का गवाह है, आज पूरी दुनिया में आरबीआई की पहचान उसके प्रोफेशनलिज्म और कमिटमेंट की वजह से बनी है.÷ इस दौरान पीएम मोदी ने आरबीआई के सभी कर्मचारियों और अधिकारियों को स्थापना दिवस की बधाई भी दी. पीएम मोदी ने आगे कहा कि, इस समय जो लोग आरबीआई से जुड़े हैं उन्हें मैं बहुत सौभाग्यशाली मानता हूं. पीएम मोदी ने कहा कि आज आप जो नीतियां बनाएंगे, जो काम करेंगे उनसे आरबीआई के अगले दशक की दिशा तय होगी. ये दशक इस संस्थान के उसके शताब्दी वर्ष तक ले जाने वाला दशक है. ये दशक विकसित भारत की संकल्प यात्रा के लिए भी उतना ही अहम है. पीएम मोदी ने कहा कि आप सभी अपने फील्ड के एक्सपर्ट हैं आप जानते हैं कि देश की अर्थव्यवस्था, हमारी जीडीपी काफी हद तक मॉनिटरी और फिजिकल पॉलिसीज के कॉर्डिनेशन पर निर्भर करती है. पीएम मोदी ने कहा कि आरबीआई की स्थापना के 80वें वर्ष में हालात एकदम अलग थे. भारत का पूरा बैंकिंग सेक्टर समस्याओं और चुनौतियों से जूझ रहा था. एनपीए को लेकर भारत के बैंकिंग सिस्टम के स्टेबिलिटी और उसके भविष्य को लेकर हर कोई आशंका से भरा हुआ था. हालात इतनी खराब थी कि पब्लिक सेक्टर बैंक देश की आर्थिक प्रगति को जरूरी गति नहीं दे पा रहे थे. हम सभी ने वहां से



शुरुआत की और आज भारत के बैंकिंग सिस्टम को दुनिया में एक स्ट्रॉगं और सस्टेनेबल सिस्टम माना जा रहा है. जो बैंकिंग सिस्टम कभी डूबने के कगार पर था वो बैंकिंग सिस्टम अब प्रोफिट में आ गया है और क्रेडिट में रिकॉर्ड वृद्धि दिखा रहा है. पीएम मोदी ने कहा कि दस वर्ष में इतना बड़ा परिवर्तन आना आसान नहीं था. ये बदलाव इसलिए आया क्योंकि हमारी नीति, नीयत और निर्णय में स्पस्ठता थी. ये बदलाव इसलिए आया क्योंकि हमारे प्रयासों में दृढता थी, ईमानदारी थी. आज देश देख रहा है जब नीयत सही होती है तो नीति सही होती है. जब नीति सही होती है तो निर्णय सही होते हैं. और जब निर्णय सही होते हैं तो नतीजे सही मिलते हैं. यानी नीयत सही तो नतीजे सही. पीएम मोदी ने कहा कि बीते दस वर्षों में हमने सेंट्रल बैंक, बैंकिंग सिस्टम और अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के बीच इस कनेक्ट को हाईलाइट किया है. गरीबों का फाइनेंशियल इनक्लूजन इसका एक बड़ा उदाहरण है. आज देश में 52 करोड़ जनधन खाते हैं. इनमें भी 55 प्रतिशत से ज्यादा खाते महिलाओं के नाम पर हैं. इसी फाइनेंशियल इनक्लूजन का प्रभाव कृषि और मछली पालन जैसे सेक्टर में भी देख सकते हैं. सात करोड़ से ज्यादा किसान और मछली पालकों के पास किसान क्रेडिट कार्ड्स हैं इनसे हमारी रूरल इकोनोमी को बहुत बड़ा पुश मिला है. पीएम मोदी ने कहा कि पिछले दस सालों में जो हुआ वो तो अभी ट्रेलर है. अभी तो बहुत कुछ करना है. अभी तो हमें देश को बहुत आगे लेकर जाना है.

## बेटे नकुलनाथ की सीट छिंदवाड़ा को लेकर कमलनाथ बोले-हर चुनाव के पहले बीजेपी

*लोकसभा चुनाव से पहले कमलनाथ ने बीजेपी पर जम कर निशाना साधा है. मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के चीफ रहे कमलनाथ ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर एक पोस्ट करते हुए बीजेपी पर हमला किया. उन्होंने लिखा कि बीजेपी छिंदवाड़ा की पान भूमि को रणभूमि बनाना चाहती है, लेकिन ऐसा नहीं होगा. कमलनाथ ने अपने पोस्ट में लिखा, मैं 45 वर्ष से छिंदवाड़ा को भारत का सबसे विकसित इलाका बनाने की तपस्या कर रहा हूं. छिंदवाड़ा मेरे लिए कर्मभूमि और तपोभूमि है. भाजपा वाले इस पवित्र भूमि*



*को रणभूमि बनाना चाहते हैं. इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी धनबल, बाहुबल और सत्ता बल का दुरुपयोग करने में लगी है. नेताओं को डराया धमकाया जा रहा है. सम्मान से कोई गुस्ताखी बर्दाश्त नहीं- कमलनाथ ने आगे लिखा, छिंदवाड़ा की जनता भाजपा की इस कारस्तानी को बड़े गौर से देख रही है और उसने ठान लिया है कि जो लोग छिंदवाड़ा के ऊपर आक्रमण कर रहे हैं, उनको करारा जवाब देगी. हर चुनाव के पहले भारतीय जनता पार्टी झूठ, फरेब और सौदेबाजी का खेल खेलती है लेकिन जब चुनाव परिणाम आता है तो पता चलता है कि छिंदवाड़ा की जनता ने बीजेपी को उसके अपराध का उचित दंड दिया है. छिंदवाड़ा अपने सम्मान से कोई गुस्ताखी बर्दाश्त नहीं करेगा और अपनी विकास यात्रा पर अविरल आगे बढ़ता रहेगा.*

### मप्र में एक्टिव हुए BJP के स्टार कैंपेनर्स, चुनावी प्रचार के लिए जेपी नड्डा और स्मृति ईरानी करेंगे दौरा



मध्य प्रदेश की 29 लोकसभा सीटों पर फतह का परचम लहराने के लिए अब भारतीय जनता पार्टी कोई कमी नहीं छोड़ना चाहती है. यही वजह है कि मध्य प्रदेश में अब बीजेपी नेताओं की एंट्री होने जा रही है.राष्ट्रीय नेताओं के आगमन का शुरुआत बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से होने जा रहा है. मध्य प्रदेश की 29 लोकसभा सीटों के लिए बीजेपी-कांग्रेस ने 40-40 स्टार प्रचारकों की सूची बनाई है, जो मध्य प्रदेश में जनसभाओं को संबोधित करने के साथ ही रोड शो करेंगे.

**बीजेपी के ये नेता करेंगे एमपी में प्रचार**–भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा मंगलवार (2 अप्रैल) को जबलपुर दौरे पर आ रहे हैं. जबलपुर में आयोजित प्रबुद्धजनों के सम्मेलन को राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा संबोधित किया जाएगा. इसके अगले दिन 3 अप्रैल को स्मृति ईरानी पन्ना और खजुराहो आ रही हैं. स्मृति ईरानी दोनों ही स्थानों पर मध्य प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष और प्रत्याशी वीडी शर्मा के समर्थन में जनसभा करेंगी. जबकि छह अप्रैल को केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह सीधी और सिंगरौली दौरे पर आ रहे हैं.




## शासकीय माध्यमिक विद्यालय बरथरा में मना प्रवेश उत्सव,नवीन शिक्षण सत्र का हुआ आगाज






**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक**
**पुष्पांजली टुडे**

दबोह- शासकीय माध्यमिक विद्यालय बरथरा में नए सत्र का आगाज प्रवेश उत्सव के रूप में बड़ी धूम धाम से मनाया गया।जिसमे विद्यालय में नव प्रवेशी छात्र छात्राओं को विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजीत कुमार कुजूर ने तिलक लगाकर उनका स्वागत किया साथ ही बच्चों को मिठाई खिलाकर विद्यालय में प्रवेश कराया गया।इसी के साथ विद्यालय में कक्षा आठवीं में अध्ययन कर छात्र,छात्रों की विदाई पार्टी भी रखी गई।जिसमे समस्त शिक्षकों ने अपने विचार रखे और छात्र छात्राओं से अपने अनुभव साझा किए।इस प्रवेश उत्सव के नवीन प्रवेश सत्र के मौके पर समस्त छात्र छात्राओं को विद्यालय में रुचिकर भोजन की भी व्यवस्था की गई थी।इस मौके पर पूर्व जनशिक्षक राजेंद्र प्रसाद दोहरे, वरिष्ठ शिक्षक अतीक मोहम्मद खान,मलखान सिंह कौरव,विनोद कुमार गौतम,पुष्पा देवी पाल,सुनील शिल्पकार,मिथलेश कुशवाह,नवीन पाल,आरिफा हसन एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## थाना देहात पुलिस ने तीन दिन में 21 स्थायी वारंटीयों को किया गिरफ्तार

*पंकज त्रिपाठी*
*दैनिक पुष्पांजली टुडे*

*भिण्ड । पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक,नगर पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देहात निरीक्षक प्रदीप सोनी के नेतृत्व लोकसभा चुनाव व आचार संहिता को मददेनजर रखते हुये चुनाव को शान्तीपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने हेतु जिला भिण्ड में अवैध शराब,अवैध हथियार व गुण्डा बदमाशों व स्थायी वारंटियों पर लगातार अभियान चलाकर धरपकड की कार्यवाही जारी है। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी थाना देहात निरीक्षक प्रदीप सोनी के द्वारा स्थायी वारंटियों को पकडने के लिये उपनिरीक्षक विजय शिवहरे,नागेश शर्मा, रविन्द्र मांझी,प्रदीप भदौरिया,प्रदीप तोमर के नेतृत्व में 5 टीमें गठित कर लगा दी गयीं है। टीमें द्वारा ग्वालियर, दतिया, मुरैना, शिवपुरी आदि जिलों में दबिश देकर भेष बदल कर रह रहे स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय में पेश किया गया।*




*उक्त सराहनीय कार्यवाही में निरीक्षक प्रदीप सोनी,उपनिरीक्षक विजय शिवहरे, नागेश शर्मा,रविन्द्र मांझी, प्रदीप भदौरिया,प्रदीप तोमर, सहायक उपनिरीक्षकविनोद सोलंकी,भानूप्रताप यादव,शमीम खान,रामेश्वरदयाल भारती,प्रधान आरक्षक हरवीर सिंह,धीरेन्द्र सिंह, विनोद सिंह राजेश गर्ग,गुरूदास सोही,सोनेन्द्र सिंह,सुनील पाण्डेय,जयप्रकाश शर्मा,आरक्षक राजकुमार,दिलीप कुमार, अनिल जाट, सुभाष तोमर,देवेन्द्र शर्मा, सन्दीप राजावत,राहुल तोमर पवन पाण्डेय,बृजेश कुमार,राजकुमार जाट,प्रदीप यादव, ओमप्रकाश यादव,विष्णु तोमर, दिलीप शाक्य,भूपेन्द्र तोमर,महिला आरक्षक रोमी त्यागी,राधा तोमर, शकुन्तला,सैनिक रमेश बघेल आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।*

### थाना देहात पुलिस की शराब तस्करों के विरूद्ध बडी कार्यवाही

## आईटीआई रोड पर आरोपीगण अपने घर में अवैध रूप से अंग्रेजी,देशी शराब व जहरीली ओपी भण्डारण किये थे

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**विभिन्न ब्राण्ड की कुल 144 पेटियां कीमत 09 लाख रूपये की बरामद**

**शराब तस्कर दोनों भाई फरार**

**भिण्ड** । पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक,नगर पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार उईके के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देहात निरीक्षक प्रदीप सोनी के नेतृत्व लोकसभा चुनाव व आचार संहिता को मददेनजर रखते हुये चुनाव को शान्तीपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने हेतु जिला भिण्ड में अवैध शराब,अवैध हथियार व गुण्डा बदमाशों व स्थायी वारंटियों पर लगातार अभियान चलाकर धरपकड की कार्यवाही जारी है। इसी तारतम्य में दिनांक 31/03/24 को जरिये मुखबिर सूचना मिली कि आईटीआई रोड पर स्थित एक मकान में दो सगे भाई अवैध अंग्रेजी शराब का अपने घर के आंगन में बनाये तलघर में अंग्रेजी शराब का भण्डारण किये हुये है। सूचना को तत्काल पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव द्वारा गम्भीरता से लिया गया तथा नगर पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार उईके,थाना प्रभारी देहात निरीक्षक प्रदीप सोनी सहित अन्य दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तथा मुखबिर के द्वारा दी गयी सूचना की तस्दीक की तो आरोपीगणों के घर के आंगन में बने तलघर से मैकडावल, इम्पीरियल ब्लू, किंग फिशर वियर, ब्लेण्डर प्राईड, रॉयल चैलेंजर, ऑफीसर च्वाईस, बोल्ट वियर, सुपर मास्टर, रॉयल देशी मसाला आदि कम्पनियों की कुल 144 पेटियां शराब की बरामद की गयी।






आरोपीगण शिवराज पुत्र मोहन सिंह भदौरिया उम्र 27 साल निवासी आईटीआई रोड़ समीर नगर थाना देहात भिंड,आंसू उर्फ कालिया उर्फ कल्लू उर्फ रामराज भदौरिया पुत्र मोहन सिंह भदौरिया उम्र 23 साल निवासी आईटीआई रो? समीर नगर थाना देहात भिंड के विरूद्ध धारा 34(2), 49ए आबकारी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपीगणों की तलाश जारी है। आरोपी आदतन अपराधी है जिसे एक पर करीब एक दर्जन, तथा दूसरे पर आधा दर्जन मामले पंजीबद्ध है।

**बरामद मसरूका**-कुल अंग्रेजी शराब-1361 लीटर,देशी शराब-90 लीटर,ओपी 150 लीटर कुल कीमती 09 लाख रूपये।

उक्त सराहनीय कार्य में सीएसपी अरूण कुमार,थाना देहात प्रभारी निरीक्षक प्रदीप सोनी, उपनिरीक्षक विजय शिवहरे, नागेश शर्मा,प्रदीप भदौरिया,प्रमोद तोमर,सहायक उपनिरीक्षक भानू प्रताप यादव, रामेश्वरदयाल भारती, सउनि अब्दुल शमीम,प्रधान आरक्षक गुरूदास, सोनेन्द्र, सुनील पाण्डेय,राजेश गर्ग, मनीष भदौरिया,विनोद कुमार,राजेश मदुरिया,प्रदीप केन,विनोद सगर, जयप्रकाश शर्मा,दिनेश अवस्थी, आरक्षक सन्दीप,ज्ञानेन्द्र मिश्रा,सोनू दुबे, दलवीर,ओमप्रकाश यादव,मदन गोपाल,भूपेन्द्र तोमर,भूपेन्द्र राजावत,राहुल तोमर,दिलीप कुमार, आदित्य चौहान,दिलीप शाक्य, राजकुमार लोधी,अजय उपाध्याय, विष्णु तोमर,बृजेश कुमार,अनिल जाट,पवन पाण्डेय,अशोक यादव, देवेन्द्र शर्मा,सैनिक रमेश बघेल,चालक सौरभ राजावत,संजीव पाराशर आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### श्रद्धा के साथ मनाई शीतला सप्तमी

## शीतला माता को ठंडे पकवानों का लगाया भोग

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**



सूरत ।परवत पाटिया में आईमाता रोड स्थित सीरवी समाज भवन में सोमवार को शीतला सप्तमी पर्व श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया गया। सोहल श्रृंगार कर महिलाएं हाथ में पूजा की थाली लिए घर से निकली और गलियों ,रास्तों को मंगल गीतों से गुलजार कर दिया। महिलाएं शीतला माता के भजन गाती हुई समाज भवन पहुंची। महिलाओं ने शीतला माता के शीतला माता की पूजा-अर्चना कर शीतल पकवानों का भोग लगाया। माता की पूजा अर्चना का क्रम दिन भर चलता रहा। संस्था के सचिव भंवरलाल भायल ने बताया शहर में विभिन्न स्थानों पर माता शीतला का पूजन हुआ। इस दिन अनेक महिलाओं ने शीतला सप्तमी पर उपवास रखकर माता की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। संस्था के अध्यक्ष हेमाराम पंवार ने बताया कि मान्यता है कि एक दिन पूर्व रात में खाना बनाकर सुबह माता शीतला की पूजा-अर्चना कर ठंडे पकवानों का भोग लगाने से माता प्रसन्न होती है। और घर में सुख-समृद्धि आती है।उन्होंने कहा कि खास कर माता की बच्चो पर विशेष कृपा होती है। परिजनों बच्चों की रोगों से रक्षा करती है।

## थाना कोटर पुलिस की बडी सफलता 01 देशी कट्टा व 01 नग जिन्दा कारतूस (कुल कीमती 7 हजार रूपए )के साथ पकड़ा आरोपी जिसको गिरफ्तार कर की गयी आर्मस एक्ट की कार्यवाही

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

श्री आशुतोष गुप्ता पुलिस अधीक्षक महोदय सतना के कुशल निर्देशन एवं श्री विक्रम सिंह कुशवाह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय सतना एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय बीरेन्द्र बहादुर सिंह के मार्ग दर्शन एवं थाना प्रभारी कोटर उनि. रवीन्द्र व्दिवेदी के नेतृत्व में मिली कामयाबी

**घटना विवरण**-थाना कोटर को दि. 01.04.24 को जरिये मुखबिर सूचना मिली की एक व्यक्ति दुबहाई पुलिया कोटर के पास कट्टा लिये खडा है जो कोई गम्भीर बारदात घटित कर सकता है जिस सूचना पर मय साक्षियो एवं कोटर पुलिस स्टाफ के साथ पहुचा जहा पुलिया मे एक व्यक्ति बैठा दिखा जो पुलिस की गाडी को देखकर कर भाग दिया जिसे हमराह स्टाफ एंव गवाहनो के सहयोग से घेरा बंदी कर पकडा तथा नाम पता पूछा जो अपना नाम प्रभान्शू कुशवाहा पिता श्याम लाल कुशवाहा उम्र 23 साल नि. शाह पुर थाना सेमरिया जिला रीवा का होना बताया आरोपी की तलाशी मौके पर ही समक्ष गवाहानो के ली गयी तो वह बाये तरफ पैन्ट की नीचे कमर मे एक 12 बोर का कट्टा खोसे पाया गया जिसमे एक जिन्दा 12 बोर का कारतूस लोड पायी गयी **(देशी कट्टा मय कारतूस की कुल कीमत 7000 रुपये) आरोपी के कब्जे से जप्त किया गया तथा आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर आरोपी के विरुद्ध 25-27 इ्रह्मह्य इ्रष्ह्ल का अपराध पंजीबद्ध कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहा से आरोपी को माननीय न्यायालय द्वारा केन्द्रीय जेल सतना भेज दिया गया **सराहनीय भूमिका**-थाना प्रभारी उनि रवीन्द्र व्दिवेदी उनि.बी.एस तोमर, सउनि बीरेन्द्र चौबे, प्र.आर.बीरेन्द्र शुक्ला ,देवेन्द्र सेन,बाबू सिंह यादव, आर.विपिन व्दिवेदी

## राजस्थानी प्रकोष्ठ पुणे द्वारा राजस्थान दिवस का हुआ आयोजन

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**



पुणे ।राजस्थान प्रकोष्ठ पुणे के तत्वाधान में राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष में किक्रेट प्रतियोगिता, राजस्थान समाज रत्न पुरस्कार, भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राजस्थान आघाड़ी के अध्यक्ष सुनील गेहलोत की अध्यक्षता में दीप प्रज्वलित से हुआ। पुणे शहर में पहली बार किक्रेट प्रतियोगिता में छत्तीस कौम की कुल 32 टीमों ने भाग लिया। 26 मार्च से प्रतियोगिता का आगाज हुआ था जिसका समापन 29 मार्च को हुआ। फाइनल मुकाबले में सीरवी यंग बिग्रेड (नरेश सीरवी बाली )विजेता रही ।उपविजेता रॉयल राजपुरोहित रही। विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। उसमे मेन ऑफ दा सीरीज की ट्रोड़ी हिरा परमार को दि गई 30 मार्च को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें राजस्थान से आए संगीत कलाकार इन्द्रा धावसी एण्ड पार्टी ने शानदार संगीत प्रस्तुत किए। नृत्य कलाकार सोनल राईका ने नृत्य पेश किया। हरीराम राईका, गायिका हंसु लवा, कंचल सपेरा, पूजा आदि नृत्य कलाकारों ने एक से बढ़कर एक नृत्य पेश किया। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद लोगो ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आदंन लिया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे सुर्या इलेक्ट्रॉनिक के प्रमुख रमेशजी ने खिलाड़ियों का अभिवादन करते हुए कहा कि हार व जीत एक चिक्के के दो पहलु है।हार से व्यकि को कभी घबराना नही चाहिए। उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिता को लेकर युवाओ में विशेष उत्साह दिखा। समापन समारोह की अध्यक्षता कर रहे सुनील गेहलोत ने कहा कि खेल कुद युवाओं के जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा है। प्रत्येक युवाओ को आयोजित होने वाले खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेना चाहिए ओर 29 मार्च को महिलाओं का भी एक मेचं हुआ उसमे महिलाओं ने भी क्रिकेट खेलने का आदंन लिया उसमे राजस्थानी वोरीयस विरूद्ध (रॉयल ब्लू चैलेंज) टिमो का मेचं हुआ उसमे राजस्थानी वोरियस विजेता टीम रही। उसके बाद राजस्थान स्थापना दिवस के अवसर पर 30 मार्च को सांस्कृतिक रगांरग कार्यक्रम आयोजित किया गया। विशेष अतिथि राजस्थान से पधारे हुए राजस्थान में केबिनेट मंत्री अविनाश गेहलोत झाबंरसिंह खरॉ राज्य मंत्री राजस्थान सरकार व महंत प्रतापपुरी विधायक (पोखरण) राजस्थान हिमांशु शर्मा व महाराष्ट्र के केबिनेट मंत्री चंद्रकांत दादा पाटिल पुना लोकसभा के ऊमेदवार मुरलीधर माहोल बीजेपी पूना के अध्यक्ष धीरजी घाटे व महाराष्ट्र प्रात के सचिव रामलाल काग इनकी उपस्थिति में 9 जनों को राजस्थान समाज रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया उनके नाम प्रमुख हैं स्व- नेनाराम पेमाराम परिहार (देसुरी) स्व- सोमाराम राजाराम राठौड़ (कीशनपुरा) रमेशजी (नाडोल) जयसिंग राजपुरोहित (वणदार) ओमप्रकाश चोधरी जाट गोपाल परमार केसाराम कुमावत मोतीलाल ओझा इनको दिया गया। अतं मे राजस्थान आघाडी के अध्यक्ष भाई साहब सुनीलजी गेहलोत व उनकी पुरी टीम के सदस्यों व राजस्थान आघाडी की महिला अध्यक्ष बहन संगीता दिदी सिन्दरा ने सभी का आभार प्रकट किया गया। ये जानकारी जीवाराम सेपटा द्वारा दि गई।

## दबोह पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक**
**पुष्पांजली टुडे**

**दबोह**- भिण्ड पुलिस अधीक्षक महोदय असित यादव के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लहार के मार्गदर्शन में दबोह थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश शर्मा व उनकी टीम के द्वारा बीती रात को अवैध रूप से शराब बेचने बाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ज्ञानपुरा रोड बोर्डर नाका नहर की पुलिया के पास एक व्यक्ति एक नीले रंग की गैलन में अबैध हाथ भट्टी से बनी हुई कच्ची शराब बेचने के लिये कहीं ले जाने के लिए खडा है। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस



ने फोर्स को अवगत करा कर मय शासकीय वाहन व विवेचना सामग्री के साथ रवाना हुये और मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान पर पहुँचे तो पुलिस को देखकर एक ब्यक्ति भागने का प्रयास करने लगा जिसे फोर्स की मदद से सूझ बूझ के द्वारा घेराबंदी कर मौके पर पकड लिया गया उसके नजदीक रखी एक नीले रंग की गैलन का ढक्कन खोलकर देखा तो उसमें शराब जैसी तीखी गंध आ रही थी जिसे सूंघकर देखा तो हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब होना पाई गई उक्त पक? गए व्यक्ति से उसका नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम सतेन्द्र सिंह उर्फ सत्तू पुत्र रणबीर सिंह कौरव उम्र 25 बर्ष निवासी ग्राम अमाहा थाना दबोह का होना बताया उसके कब्जे में रखी अबैध शराब की गैलन के संबंध में पूछने पर स्वंय की होना बताया गया जिसे वह कंजर से 55 लीटर 5500 रूपये में खरीद कर ले जा रहा था जब पुलिस के द्वारा उक्त व्यक्ति से इतनी ज्यादा मात्रा में शराब रखने एवं बेचने का लाईसेंस मांगा तो उसने बताया कि उसके पास कोई लाइसेंस नही है जिसके बाद पुलिस ने आरोपी पर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत दण्डनीय अपराध कायम कर विवेचना में लिया। उक्त कार्यवाही में दबोह थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश शर्मा,प्रधान आर.939 आविद वेग,आर.743 सतेन्द्र सिंह,आर.427 रजत,आर. 260 सोनू तोमर,आर.477 अजय रजक,आर. 212 रणजीत की अहम भूमिका रही

## सतना पुलिस द्वारा मझगवां थाना क्षेत्र में अवैध शराब का परिवह्न करते पाए जाने पर 02 आरोपियों के विरूद्ध की गई वैधानिक कार्यवाही

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

आरोपियो के कब्जे से 3 पेटी बाम्बे विस्की अग्रेजी शराब व 04 पेटी देशी मदिरा प्लेन शराब कुल 350 क्वाटर शराब कीमती करीब 29500 रूपये सहित परिवहन में प्रयुक्त हीरो स्प्लेडर मो.सा. क्रमांक एमपी 19 एमजेड 3201 कीमती करीबन 80 हजार रूपए को किया गया जप्त पुलिस अधीक्षक सतना श्री आशुतोष गुप्ता द्वारा सतना जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को अपनेङ्कअपने थाना/चौकी क्षेत्र में अवैध शराब, मादक पदार्थो की बिक्री, भण्डारण, परिवहन एवं निर्माण करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया हैं । उक्त कार्यवाही हेतु पुलिस अधीक्षक सतना के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देहात श्री विक्रम सिंह कुशवाह एवं एसडीओपी चित्रकूट श्री रोहित राठौर के मार्गदर्शन में थाना स्तर पर पुलिस टीमों का गठन किया गया है । इसी तारतम्य में थाना प्रभारी मझगवां निरी आदित्य नारायण सिंह धुर्वे की टीम को दिनांक 31.03.2024 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की 02 ब्यक्ति काले रंग की हीरो स्प्लेंडर मोटर साईकिल क्रमांक एमपी 19 एमजेड 3201 से बीच मे प्लास्टिक की झाल मे अवैध शराब लेकर मझगवां बाजार से आरटीओ बैरियल तरफ जा रहे है । थाना प्रभारी मझगवां निरी आदित्य नारायण सिंह धुर्वे द्वारा मुखबिर सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया जाकर पुलिस टीम को कार्यवाही हेतु तत्काल रवाना किया गया जो पुलिस टीम द्वारा नीलू गुप्ता के बेयर हाऊस के सामने लाईट के उजाले मे नाकाबंदी करके मोटर सायकिल के आने का इन्तजार किया गया । कुछ समय बाद काले रंग की हीरो स्प्लेंडर मोटर साईकिल क्रमांक एमपी 19 एमजेड 3201 से 02 संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिये जिन्हे पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर अभिरक्षा में लेकर नाम पता पूंछा जो चालक ने अपना नाम विपिन कुमार गौतम पिता रविशंकर गौतम उम्र 26 साल निवासी ग्राम चौरेही थाना मझगवां जिला सतना (म.प्र.) व पीछे बैठे ब्यक्ति ने अपना नाम मुन्ना गौतम पिता लोल्ली प्रसाद गौतम उम्र 43 साल निवासी ग्राम चौरेही थाना मझगवां जिला सतना (म.प्र.) का होना बताया जो हीरो स्प्लेण्डर मोटर साइकिल क्रमांक एमपी19एमजेड3201 के चालक व उसके पीछे बैठे व्यक्ति के बीच मे दो प्लास्टिक की झाल मे 03 पेटी बाम्बे विस्की अग्रेजी शराब के 150 क्वाटर व 04 पेटी देशी मदिरा प्लेन शराब के 200 क्वाटर कुल 350 क्वाटर मात्रा 63 वल्क लीटर कीमती 29500 रूपये की पाये जाने पर आरोपियों के पास से उक्त शराब के सम्बंध में कोई लायसेंस / वैध दस्तावेज न होने पर उसके कब्जे से 03 पेटी बाम्बे विस्की अग्रेजी शराब के 150 क्वाटर व 04 पेटी देशी मदिरा प्लेन शराब के 200 क्वाटर कुल 350 क्वाटर मात्रा 63 वल्क लीटर कीमती 29500 रूपये सहित परिवहन में प्रयुक्त हीरो स्प्लेण्डर मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 19 एमजेड 3201 कीमती करीब 80 हज़ार रूपए को जप्त कर थाना मझगवां में आरोपिंयों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 98/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है।सराहनीय योगदान- उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी मझगवां निरी आदित्य नारायण सिंह धुर्वे , उनि नेहा ठाकुर , उनि के पी वर्मा , सउनि जय सिंह बागरी प्रधान आरक्षक ब्रम्हदत्त शुक्ला , प्रदीप कुमार आऱक्षक आकाश कुशवाहा , इष्टदेव दीक्षित , राकेश कश्यप , रणविजय कुमार , बृजेश्वर यादव , अनुज सिंह , शिवकुमार यादव सैनिक जितेन्द्र चौहान , देवराज का सराहनीय योगदान रहा ।

# रीवा में दिनदहाड़े 90 लाख की चोरी,पीड़ित के घर विवाह की चल रही थी तैयारी

रीवा(पुष्पांजली टुडे)।जिले में चोरों के हौसले इन दोनों बुलंद है जिले में लगातार हो रही चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं मानगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम बेलवा में चोरों ने दिनदहाड़े एक बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया चोरों ने घर से सोने चांदी के आभूषण समेत नदी पार कर दी पीड़ति के

## आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

मुताबिक उसके घर से 90 लाख कीमत की चोरी हुई है घटना शुक्रवार की है जो रविवार को प्रकाश में आई दिनदहाड़े चोरी की यह वारदात भूतपूर्व सैनिक शिव प्रताप सिंह के मकान में हुई पीड़ति शिव प्रताप सिंह ने बताया कि घटना के दौरान घर के सदस्य रिश्तेदार के यहां गए हुए थे चोरों ने इसी बात का फायदा उठाया बदमाश घर का चैनल गेट तोड़कर घर के अंदर घुसे कमरे के भीतर पहुंच कर बदमाशों ने पेटी और अलमारी का लॉक तोड़कर लाखों रुपए के आभूषण चुरा लिए।

**भतीजी के विवाह की चल रही थी तैयारी-** घटना के संबंध में पीड़ति शिव प्रताप सिंह पिता श्रीपत सिंह भूतपूर्व सैनिक ने बताया कि उनकी भतीजी का 18 अप्रैल को विवाह है शुक्रवार की सुबह करीब 11:00 बजे उनकी बहू घर से करीब आधा किलोमीटर दूर स्थित अपने भाई के घर वैवाहिक तैयारी में शामिल होने गई थी जब वह शाम



करीब 5:00 बजे वापस आए तो देखा कि चैनल का ताला टूटा हुआ है अंदर देखा तो सभी कैमरे के ताले टूटे थे पेटी अलमारी व बक्से के लाख भी टूटे मिले पूरे घर का सामान इधर-उधर बिखरा हुआ था उसके द्वारा घटना की सूचना परिवार के लोगों को दी गई जिसके बाद पीड़ति परिवार ने चोरी की सूचना मनगवा थाने में दर्ज करवाई है।

**50 तोला सोना और चांदी के आभूषण हुए पार-** पीड़ति भूतपूर्व सैनिक ने बताया कि उनका बालक भी सेवा में है बहू का सामान घर में रखा था अज्ञात चोरों ने दो सेट सोने का कंगन, मंगलसूत्र दो नग उनकी बहू का मंगलसूत्र,8 नग अंगूठी सहित करीब 50 तोला सोने के आभूषण पर कर दिए साथ ही घर में रखे करीब 1 किलो वजन के चांदी के जेवरात भी बदमाश चुरा लेंगे पीड़ति ने बताया कि बक्से में रखे 55000 नगद भी चोरी हुए हैं।

**फिंगर एक्सपर्ट की टीम ने घटनास्थल का किया निरीक्षण-** दिनदहाड़े हुई चोरी की घटना की शिकायत के बाद मनगवा पुलिस ने पूरी घटना की जांच शुरू कर दी है उम्मीद है कि जल्द ही पुलिस चोरों तक पहुंचेगी बताया गया की घटना स्थल पर एफएसएल टीम के साथ ही फिंगर एक्सपर्ट सहित मंनगवा पुलिस बल ने बारीकी से निरीक्षण किया है पुलिस को आरोपियों के संबंध में अहम सुराग हाथ लगे हैं फिलहाल पुलिस अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर उनकी तलाश में जुटी हुई है।

# रीवा पूर्व जिला अध्यक्ष त्रियुगी नारायण भगत ने एक सैकड़ा कार्यकर्ताओं के साथ दिया स्तीफा, कांग्रेस पार्टी पर लगाए गम्भीर आरोप

विवेक तिवारी (रीवा संभाग ब्यूरो)



रीवा(पुष्पांजली टुडे)। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की टिकट वितरण से नाराज होकर कांग्रेस पार्टी में इन दिनों भगदड़ मची हुई है। अभी एक दिन पूर्व ही कांग्रेस पार्टी के नेता जो श्रीनिवास तिवारी ग्रुप से जुड़े हुए थे उन्होंने पार्टी से त्यागपत्र देकर अपने समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता हासिल की। 2 अप्रैल को प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव पार्टी के प्रत्याशी जनार्दन मिश्रा का पर्चा दाखिल करवाने रीवा आ रहे हैं। उसके एक दिन पूर्व ही आज 1 अप्रैल को जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के पूर्व अध्यक्ष श्री योगी नारायण शुक्ला ने अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने इसका मुख्य कारण यह बताया कि भारतीय जनता पार्टी से कांग्रेस में आए अभय मिश्रा को विधानसभा चुनाव में उनके क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया गया वहीं दूसरी ओर लोकसभा चुनाव में भी अभय मिश्रा की पत्नी नीलम मिश्रा को लोकसभा का टिकट दिया जाना उनको नागवार गुजरा। उनका कहना है कि जब एक ही परिवार के सदस्यों को लोकसभा और विधानसभा का टिकट देना है तो अन्य कार्य करता क्या करेंगे। हालांकि उन्होंने अभी यह स्पष्ट नहीं किया है कि वह किस दल का दामन खाएंगे किंतु यह माना जा रहा है कि कल प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के रीवा दौरे के दौरान वह अपने समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लेंगे।

# शासकीय कॉलेज के प्रोफेसर ने अपने छोटे भाई की पत्नी को जमकर पीटा,महिला का टूटा हाथः मामला दर्ज





रीवा(पुष्पांजली टुडे)। मारपीट का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है वीडियो में एक व्यक्ति लाठी डंडे से महिला के साथ मारपीट करता नजर आ रहा है साथ ही घर पर पत्थर भी फेंक रहा है पूरा मामला विश्वविद्यालय थाना अंतर्गत निराला नगर का है जानकारी के मुताबिक नाराज जेठ ने अपने छोटे भाई की पत्नी की जमकर पिटाई कर दी मारपीट की इस घटना में महिला का हाथ टूट गया जिसे इलाज के लिए अस्पताल लाया गया है। सुरभि पांडे ने बताया कि मेरे जेठ अतुल कुमार पांडे शासकीय कॉलेज में प्रोफेसर हैं। रविवार को बीच रास्ते में डंडा लेकर उन्होंने मेरे साथ मारपीट की मेरे घर के सामने जेठ भी अपना घर बनवा रहे हैं जिस जगह पर मेरी भी जमीन है मैं काम कर रहे मजदूरों से कहा कि हमारी जमीन छोड़कर घर बनाएं इसी बात पर मेरे जेठ आग बबूला हो गए गाली गलौज करने लगे और घर पर पत्थर फेंकने लगे फिर उन्होंने मुझे डंडे से मारा जिससे मेरा एक हाथ टूट गया मैंने मामले की शिकायत विश्वविद्यालय थाने में कर दी है वहीं विश्वविद्यालय थाना पुलिस ने पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है साथ ही विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# रीवा में जनता की भावनाएं कांग्रेस के साथः नीलम मिश्रा

## बैकुंठपुर, सिरमौर, पटेहरा, डभौरा बाजार में कांग्रेस प्रत्याशी का हुए भ्रमण और लोगों से किया संवाद

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।** कांग्रेस की लोकसभा रीवा प्रत्याशी नीलम अभय मिश्रा ने कहा कि जिस तरह लोगों का समर्थन मिल रहा है, उससे यह प्रतीत होने




लगा है कि जनता की भावनाएं कांग्रेस के साथ पूरी तरह से हैं। पिछले 10 साल का भाजपा सांसद का कार्यकाल देखकर जनता पूरी तरह निराश है। भ्रष्टाचार से परेशान है। कांग्रेस प्रत्याशी नीलम अभय मिश्रा ने आज सोमवार को बैकुंठपुर, सिरमौर , पटेहरा,डभौरा , जवा आदि क्षेत्र के कस्बाई इलाके में जनसंपर्क कर रही थी। इस दौरान कररिया, राजगढ़, क्योटी आदि गांव में भी जनसंपर्क के दौरान प्रत्याशी नीलम अभय मिश्रा ने आशीर्वाद मांगा। जन संवाद के दौरान लोगों ने इस बात की शिकायतें सर्वाधिक की कि फिलहाल इन बाजारों की ओर सांसद द्वारा व्यवस्थापन के लिए कोई कार्य नहीं किया गया, लोगों की समस्याएं गंभीर हैं। इस पर कांग्रेस प्रत्याशी ने आश्वस्त किया कि अगर आपने पर्याप्त समर्थन दिया तो आम आदमी की मूलभूत समस्याओं के निराकरण के लिए वह पूरी ताकत लगाएंगी। श्रीमती मिश्रा ने इस बात पर दुख जताया कि 10 साल सांसद रहने के दौरान भी लोग समस्या ग्रस्त बने हुए हैं। जिनकी कहीं कोई पूछ परख नहीं हो रही है।

**वर्तमान सांसद ने जनता के लिए आखिर किया क्या है- अभय मिश्रा-** कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में जनसंपर्क अभियान के दौरान सेमरिया विधायक अभय मिश्रा ने भाजपा नेताओं पर तंज कसने के साथ वर्तमान सांसद को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उन्होंने पिछले 10 सालों में जनता के लिए अपने सांसद निधि से क्या किया है । इसका जवाब उन्हें जनता को देना चाहिए। उन्होंने 10 साल तक सत्ता सुख का उपभोग करते हुए केवल आराम किया है और अब जनता ने यह मन बना लिया है कि उन्हें आगामी दिनों में भी आराम ही करना चाहिए। श्री मिश्रा ने अपने जन संवाद के दौरान कहा कि सांसद ने जब अपने भाजपा के ही किसी कार्यकर्ता को स्वेच्छा अनुदान का 1000 रुपया नहीं दिया तो सामान्य जन की स्थिति क्या रही होगी। अपना सांसद स्वेच्छा अनुदान की राशि वहीं पर दिया उन्होंने वही दिया है, जहां से उनके स्वार्थ की पूर्ति होती रही है। जनता को सब मालूम हो गया है अब पोल खुल चुकी है। अब



जनता भाजपा के झूठे वायदो और उनके इरादों को समझ चुकी है । इसलिए इस बार वह झांसे में आने वाली नहीं।



# कांग्रेस प्रत्याशी नीलम मिश्रा के पक्ष में रणनीति बनाने रीवा पहुंचे वरिष्ठ कांग्रेस नेता

## डॉ गोविंद सिंह, अजय सिंह राहुल ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश



रीवा(पुष्पांजली टुडे )। प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व मंत्री डॉ गोविंद सिंह एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल आज रीवा पहुंचे, जहां उन्होंने पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना के निवास पर महत्वपूर्ण राजनीतिक बैठक की। इस दौरान काफी संख्या में कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। इस दौरान मौजूद कार्यकर्ताओं से सीधे शब्दों में कहा गया कि यहां पर मौजूद हर व्यक्ति यह मानकर चल कि वह खुद प्रत्याशी है और वह चुनाव लड़ रहा है। जब हम यह सोच लेंगे तो जीत को कोई रोक नहीं सकता। इन नेताओं ने कार्यकर्ताओं से कहा कि हर जगह भाजपा के खिलाफ जबरदस्त माहौल बना हुआ है, हम सबको उनके भ्रष्टाचार एवं मनमानी पूर्ण नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी लेनी पड़ेगी। इस दौरान पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ गोविंद सिंह ने कार्यकर्ताओं से कहा कि अगर एक झुकता के साथ चुनाव लड़ा जाए तो हार की कहीं गुंजाइश नहीं होती। इस दौरान यह भी कहा गया कि हर नेता अपना पोलिंग और सेक्टर संभाल लेगा तो स्थितियां अपने आप मजबूत हो जाएगी। इस दौरान राहुल भैया ने कार्यकर्ताओं में उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रीवा में कांग्रेस की जीत वर्तमान परिवेश में सुनिश्चित है बस उस उत्साह को अगले 26 अप्रैल तक बनाए रखना है। इस दौरान पूर्व विधायक विद्यावती पटेल, पूर्व मनगवा प्रत्याशी बबीता साकेत, मऊगंज के जिला अध्यक्ष पद्मेश गौतम समेत तमाम वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ता काफी संख्या में मौजूद थे। इस दौरान सभी ने इस बात का संकल्प लिया कि वर्तमान लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की विजय सुनिश्चित करने के लिए हमें पूरी ताकत लगा देनी है। कार्यकर्ताओं ने भी यह माना कि हम मजबूत स्थिति में है और इसी स्थिति तथा ऊर्जा को हमें अंतिम समय तक बनाए रखना है।

# महेश बाबू स्मृति समिति एवं साईशा फाउंडेशन के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

विवेक तिवारी (रीवा संभाग ब्यूरो)

**रीवा(पुष्पांजली टुडे )।** विंध्य क्षेत्र की साहित्यिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था स्वर्गीय महेश बाबू स्मृति समिति एवं साईंशा सोशल वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त



तत्वावधान में रंग पंचमी के अवसर पर होली मिलन समारोह का आयोजन स्थानीय उर्रहट स्थित कृष्णा सदन में आयोजित किया गया! कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद राजमणि पटेल रहे जबकि अध्यक्षता महेश बाबू स्मृति समिति के अध्यक्ष इंजी. वशिष्ठ मुनि शर्मा ने की! विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व महापौर ममता गुप्ता, जिला पंचायत की पूर्व उपाध्यक्ष विभा पटेल, महिला नेत्री कविता पांडेय, विंध्य विकास प्राधिकरण की पूर्व उपाध्यक्ष विमलेश मिश्रा, पूर्व जनपद अध्यक्ष रायपुर कर्चुलियान लाल बहादुर सिंह, वरिष्ठ मीसाबंदी एवं समा?सेवी सुभाष श्रीवास्तव, जिला पंचायत सदस्य लालमणि त्रिपाठी, वार्ड 7 के निवर्तमान पार्षद शिवदत्त पांडेय, वरिष्ठ मीसाबंदी बृहस्पति सिंह, राजनेता के. के. गुप्ता, वरिष्ठ समाजसेवी गोविन्द प्रसाद तिवारी, टी.आर.एस कॉलेज के पूर्व प्रेसिडेंट सुबोध पांडेय एवं वार्ड 16 के पार्षद सालिक राम नापित उपस्थित रहे! कार्यक्रम का संचालन साईशा फाउंडेशन के सचिव सिद्धार्थ श्रीवास्तव ने किया। होली मिलन समारोह के इस आयोजन में जिन कवियों, शायरों एवं संगीत साधकों ने होली पर केंद्रित कविता, शायरी एवं गीत प्रस्तुत किये उनमें प्रमुख रूप से वरिष्ठ शायर रफीक रीवानी, वरिष्ठ कवि इंद्रभान द्विवेदी, कवि दुर्गा प्रसाद चतुर्वेदी, कवि राम लखन केवट जलेश, कवि जानकी प्रसाद पांडेय, शायर मोहम्मद फारूक खान, कवि आशीष खरे लालगांव, युवा कवि द्वय उमेश लखन एवं कामता माखन, कवि अमित द्विवेदी, युवा कवि राजराखन पटेल, कवयित्री डॉ आरती तिवारी, लोक गायिका सरगम रीति पांडेय, गायिका चित्रा श्रीवास्तव, युवा गायिका द्वय संस्कृति तिवारी एवं प्राची पांडेय, वरिष्ठ गायक राज कपूर शुक्ला एवं बघेली कलाकार विकास सेन आर्यन शामिल है। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. महेश प्रसाद श्रीवास्तव के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ! तत्पश्चात सभी अतिथियों का सम्मान अंगवस्त्र, श्रीफल भेंट कर, बैच लगा कर एवं माल्यार्पण के साथ किया गया! तदुपरांत सभी ने एक दूसरे को अबीर एवं ?ुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी!

**वरिष्ठ शायर रफीक रवानी ने अपने मनोभाव इन शब्दों में व्यक्त किये-** होली की पिचकारी में थोड़ा रंग है थोड़ा पानी है!
रंग और पानी में प्यार घुला है प्यार ये हिंदुस्तानी है!
वरिष्ठ कवि राम लखन केवट जलेश ने होली पर केंद्रित अपनी ये कविता पड़ी-
होली पर करने चली रंग महल तामीर!
फागुन रांझा बन गए बनी बसंती हीर!
इसके अलावा सभी कवियों एवं गायकों ने होली के अवसर पर अपनी कविताएं एवं गीत प्रस्तुत कर लोगों को होली के रंग में रंग दिया! कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद राजमणि पटेल ने कहा कि- कोई भी पर्व हमें कुछ ना कुछ संदेश देकर जाते है! इसी तरह होली का पर्व आपसी प्रेम की प्रगाढ़ता का पर्व है! जहाँ हम पुरानी वैमनस्यता को विस्मृत करके एक दूसरे को गले लगाते है! इसलिए होली का पर्व कई मायनों में खास है! कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथियों ने कहा कि- जहाँ एक ओर जातिवाद धर्मवाद का आधार लेकर लोगों को बाँटने का कार्य किया जा रहा हो वही दूसरी ओर महेश बाबू स्मृति समिति एवं साईशा फाउंडेशन का ये आयोजन सराहनीय, प्रशंसनीय एवं अनुकरणीय है, जहाँ हर जाति, धर्म, मजहब के लोग एक साथ होली का त्यौहार मनाने के लिए एकत्रित हुए! होली मिलन समारोह के इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के जो महत्वपूर्ण लोग उपस्थित थे उनमें प्रमुख रूप से शशि मिश्रा, आर.के. वर्मा, महेंद्र कुमार चौराहा, डॉ राज किशोर कुशवाहा, रामायण पटेल, यतीन्द्र सिंह, शोभनाथ गुप्ता, संतोष नामदेव, आशीष सोनी, रवि करण सिंह, मुकुंद मिश्रा, दीपचंद विश्वकर्मा, नरेश गुप्ता, आर. पी. गुप्ता, सुरेश विश्नोई, रमाशंकर त्रिपाठी, रमाकांत तिवारी, कामता प्रसाद गुप्ता, अजय शुक्ला, केशव मिश्रा, प्राचार्य रामकृष्ण द्विवेदी, स्नेह लता गुप्ता, प्रज्ञा सिंह, खुशबू सिंह, अंश वर्मा, श्लेषा शुक्ला, रचिता खंडेलवाल, अनुराधा श्रीवास्तव, प्राची शुक्ला, अंजू सिंह, नीरा सिंह, नम्रता सिंह, सचिन तिवारी बॉबी, अमित विश्वकर्मा, अमर सिंह कुशवाहा, बी.के. सुभाष, बी. के. जग्गू, ज्योत्सना श्रीवास्तव, खुशबू सिंह,




मनीष दाहिया, धीरेंद्र गुप्ता, शैलेंद्र सोनी, नत्थू लाल सेन, राजकुमार प्रधान, वर्धमान निगम, अनुराग श्रीवास्तव, कमलेन्द्र पांडेय, मनोज नामदेव, मनोज चड्डा, राजू गौतम, राजेश मोदनवाल, आर. के. त्रिपाठी, तेज प्रताप सिंह, डॉ सुरेश वर्मा, स्कन्ध मिश्रा, डॉ उषा तिवारी, शैलबाला सिंह, अनंत माधव सिंह, प्रदीप श्रीवास्तव, केशव मिश्रा, तरुण कुमार श्रीवास्तव, अरविन्द पटेल, सीमा श्रीवास्तव, राजेश भल्ला, सचिन तिवारी, विजय तिवारी, सजल तिवारी, धीरज द्विवेदी, आस्था शुक्ला, हरीश द्विवेदी, राजेश मिश्रा, प्रदीप अग्रवाल, रमाकांत पुरवार, गौतम इसरानी, पूनम मिश्रा, शमशेर बहादुर सिंह एवं राजकुमार मिश्रा आदि शामिल रहे! कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित अतिथियों के प्रति आभार साईशा फाउंडेशन के अध्यक्ष साकेत श्रीवास्तव ने व्यक्त किया!

## बार-बार बंद होती है बच्चे की नाक, तो Adenoiditis हो सकता है इसकी वजह



**बदलता मौसम अपने साथ कई चुनौतियां लेकर आता है जिसका ज्यादा प्रभाव बच्चों पर पड़ता है क्योंकि उनकी इम्युनिटी कमजोर होती है। इस कारण कई बार उन्हें एडिनॉइड से जुड़ी समस्याओं का सामना भी करना पड़ सकता है। एडिनॉइड नाक के पीछे के हिस्से में मौजूद एक टिश्यू होता है। इससे जुड़ी समस्याओं को बच्चों में कैसे कम कर सकते हैं जानने के लिए हमने ईएनटी स्पेशलिस्ट से बात की।**

गर्मियों का मौसम दस्तक दे चुका है। इस बदलते मौसम में सबसे ज्यादा बच्चे बीमार पड़ते हैं। उनकी इम्युनिटी कमजोर होने की वजह से अक्सर ही उन्हें मौसम में परिवर्तन होने पर हेल्थ समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में सबसे ज्यादा समस्याएं रेस्पिरेटरी सिस्टम से जुड़ी होती हैं, जिसमें खांसी-जुकाम सबसे आम परेशानी है। हालांकि, कई बार बच्चों के साथ एडिनॉइड से जुड़ी समस्याएं भी हो जाती हैं, जिससे बच्चों को काफी दिक्कत होती है।

या होती है एडिनॉइड की समस्या और बदलते मौसम में कैसे बच्चों को इस परेशानी से बचाया जा सकता है। इस बारे में जानने के लिए हमने सी.के. बिरला हॉस्पिटल गुरुग्राम के एलर्जी के कंसल्टेंट एंड ईएनटी स्पेशलिस्ट डॉ. विजय वर्मा से बात की। आइए जानते हैं इस बारे में उन्होंने क्या बताया।

क्या है एडिनॉइड की समस्या?

डॉ. वर्मा ने कहा कि बदलते मौसम के कारण एडिनॉइड से जुड़े मामले काफी बढ़ जाते हैं। एडिनॉइड नाक के पीछे टिश्यू के पैच होते हैं, जो मुंह और नाक के जरिए प्रवेश करने वाले बैक्टीरिया और वायरस को रोकते हैं। इन्फेक्शन से बचाने में एडिनॉइड टिश्यू काफी अहम भूमिका निभाते हैं, लेकिन कई बार इनमें सूजन हो जाती है और ये बड़े हो जाते हैं। इस वजह से नाक की नली ब्लॉक हो सकती है और सांस लेने तकलीफ होती है। इस कारण रेस्पिरेटरी इन्फेक्शन भी हो सकते हैं।

क्या हैं इसके लक्षण?

यह समस्या उन बच्चों के लिए ज्यादा हानिकारक साबित हो सकती है, जिनका इम्यून सिस्टम कमजोर होता है या अभी विकसित ही हो रहा है। इस कारण खर्राटे लेने, साइनस इन्फेक्शन, स्लीप एपनिया, सांस लेने में तकलीफ हो सकती है। गर्म और ह्यूमिड मौसमों में एडिनॉइड की समस्या बढ़ जाती है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि हवा में धूल और प्रदूषण बढ़ जाता है। इस कारण बच्चों को लगातार खांसी हो सकती है, गले में खराश या सांस लेने में तकलीफ महसूस हो सकती है।मॉनसून में यह समस्या और गंभीर हो सकती है क्योंकि तब हवा में ज्यादा ह्यूमिडिटी और फंगस आदि मौजूद होते हैं। इसके अलावा, इस मौसम में बच्चों को ज्यादातर वायरल इन्फेक्शन होता है, जो उनकी रेस्पिरेटरी हेल्थ को प्रभावित करता है। वहीं सर्दियों के मौसम में हवा काफी शुष्क हो जाती है, जिस कारण एडिनॉइड टिश्यू ड्राई हो जाती है और इस कारण भी सांस लेने में तकलीफ होती है। इसलिए माता-पिता को बदलते मौसम के दौरान बच्चों के साथ काफी सावधानी बरतने की जरूरत होती है।

क्या सावधानियां बरतनी चाहिए?

डॉ. वर्मा कहते हैं कि बच्चों की एडिनॉइड की समस्या को ठीक करने के लिए कई बातों का ख्याल रखने की जरूरत होती है।घर के अंदर एयर प्यूरिफायर का इस्तेमाल करें ताकि हवा शुद्ध रहे। इससे सांस के जरिए प्रदूषण शरीर के भीतर प्रवेश नहीं कर पाते।गंदे हाथों से बच्चों को नाक या मुंह छूने न दें। इसलिए बच्चों में साबुन से अच्छी तरह से हाथ धोने की आदत डालें।

शरीर में पानी की कमी न होने दें। गर्मियों के मौसम में डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है, जिससे एडिनॉइड टिश्यू को नुकसान पहुंच सकता है।

# भारत की आत्मा को बचाने के लिए करना होगा संघर्ष



26 नवंबर, 1949 को डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने इन भावनाओं को प्रतिध्वनित किया- %यदि चुने गए लोग सक्षम, चरित्रवान और सत्यनिष्ठ व्यक्ति हैं तो वे एक दोषपूर्ण संविधान को भी सर्वोत्तम बनाने में भी सक्षम होंगे। यदि उनमें इन गुणों का अभाव है तो संविधान देश की कोई मदद नहीं कर सकता। आखिरकार संविधान एक मशीन की तरह निर्जीव वस्तु है। यह उन लोगों के कारण जीवन प्राप्त करता है जो इसे नियंत्रित करते हैं और इसे संचालित करते हैं। भारत को ईमानदार लोगों के एक समूह से ज्यादा कुछ नहीं चाहिए जिनके सामने देश का हित होगा।

जवाहरलाल नेहरू ने कहा था-%जब दुनिया सोएगी, भारत प्रकाश और स्वतंत्रता के लिए जागेगा%। 15 अगस्त, 1947 के उस महत्वपूर्ण अवसर के 75 से अधिक वर्षों में जब हमें इस बात का जश्न मनाना चाहिए कि कैसे उस प्रकाश और स्वतंत्रता ने हमें पोषित किया तथा हमें एक ऐसे राष्ट्र का गौरवशाली नागरिक बनाया जो उन मूल्यों पर खड़ा है जिन्हें हम संजोना चाहते हैं, तब भारत एक बहुत ही अलग दौर में चला गया है। यह पीड़ादायक है और वर्तमान समय में यह कहना अनुचित नहीं होगा कि उस सपने पर अंधेरा उतर रहा है क्योंकि स्वतंत्रता को लूटा जा रहा है, लोकतंत्र को कुचला जा रहा है और भारत एक पतन के मार्ग पर जा रहा है।यह पतन अचानक नहीं हो रहा है। यह कुछ समय से संस्थानों, प्रमुख व्यक्तियों और एजेंसियों पर बढ़ते कब्जे के रूप में सामने आ रहा है जिसमें सभी को एक तरह से या किसी अन्य रूप में एक सोच, एक पार्टी और एक विचारधारा के सामने झुकने के लिए मजबूर किया जा रहा है। अधिक स्थानों पर कब्जा करने की तलाश जारी है। यह एक पार्टी द्वारा निर्मित एक बड़ी और अच्छी तरह से पोषित-प्रशिक्षित प्रचार मशीन द्वारा संचालित है जो हर विपक्ष को नजर और दिमाग से बाहर चाहता है। इसमें आक्रमण के सभी संकेत हैं।दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी एक ऐसी एजेंसी द्वारा की गई है जिसका विश्वसनीयता मूल्य शून्य है और जो सरकार की दासी की तरह काम करती है। जो सभी संभावनाओं और अर्थों में सत्तारूढ़ पार्टी के राजनीतिक एजेंडे पर बिकी हुई होती है। यह केवल एक उदाहरण है कि उस एक पार्टी को सत्ता में रखने और अन्य सभी को बदनाम करने के लिए कितना दबाव डाला जा रहा है। वर्तमान स्थितियों में यह देखना मुश्किल है कि 2024 में निष्पक्ष चुनाव कैसे लड़ा जा सकता है। राष्ट्रीय मनोदशा को एक कार्टून द्वारा अच्छी तरह से अभिव्यक्त किया गया था जिसमें मैदान में दौड़ के समय सिर्फ सरकार का पदाधिकारी दौड़ रहा है और दौड़ में शामिल अन्य सभी को बंधा हुआ दिखाया गया था और फिर मजाक में एक सवाल पूछा गया है कि %कौन जीत रहा है?% इस स्तर पर सभी बाजियां बंद हैं। हम बर्फीले पानी में हैं। हम अभी भी सुरक्षित रूप से तट पर पहुंच सकते हैं लेकिन हाइपोथर्मिया होने का खतरा अधिक है।नेहरू ने हमें बताया था- %लेकिन इतिहास में कभी न कभी एक पल आता है, जरूर आता है,जब हम पुराने से नए की ओर कदम बढ़ाते हैं, जब एक युग समाप्त होता है और जब लंबे समय से दमित राष्ट्र की आत्मा को अभिव्यक्ति मिलती है।% आज हम वह पंक्ति इस प्रकार पढ़ सकते हैं- %लेकिन इतिहास में शायद ही कभी एक क्षण आता है, जो आता है, जब हम नए से पीछे हटते हैं और अंधेरे युग में डूब जाते हैं और जब एक राष्ट्र की आत्मा, जिसे अंततः अभिव्यक्ति मिली होती है, एक बार फिर से दब जाती है।% हम नहीं जानते कि यह आत्मा जिसे यातना दी गई है, पीड़ित है, कुचली हुई है, उस एक दिन के लिए कैसे रुकी रहेगी जब भारत फिर से फल-फूल सकता है और संविधान के मूल्यों और भावना को पुनः प्राप्त कर सकता है। वह संविधान जो कि कितना भी अच्छा दस्तावेज हो लेकिन अंततः उन लोगों की प्रतिबद्धता पर निर्भर करता है जो इसकी रक्षा के लिए हैं।ये खतरे हमेशा वहां थे और वास्तव में ढेर सारे शब्दों में व्यक्त किए गए थे। संविधान सभा में संविधान पारित करने से एक दिन पहले 25 नवंबर, 1949 को भाषण देते हुए डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर ने चेतावनी दी थी- %संविधान कितना भी अच्छा हो सकता है लेकिन जिन्हें इन पर अमल करने के लिए चुना जाता है यदि वे बुरे होते हैं

तो वह निश्चित रूप से बुरा होगा.., राज्य के अंगों का कामकाज वे कारक हैं जिन पर लोग और राजनीतिक दल बैठते हैं जिन्हें वे अपनी इच्छाओं और अपनी राजनीति को पूरा करने के लिए अपने उपकरण के रूप में उपयोग में लाएंगे। यह कौन बता सकता है कि भारत की जनता तथा उनके राजनीतिक दल किस तरह आचरण करेंगे?अगले दिन, 26 नवंबर, 1949 को डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने इन भावनाओं को प्रतिध्वनित किया- %यदि चुने गए लोग सक्षम, चरित्रवान और सत्यनिष्ठ व्यक्ति हैं तो वे एक दोषपूर्ण संविधान को भी सर्वोत्तम बनाने में भी सक्षम होंगे। यदि उनमें इन गुणों का अभाव है तो संविधान देश की कोई मदद नहीं कर सकता। आखिरकार संविधान एक मशीन की तरह निर्जीव वस्तु है। यह उन लोगों के कारण जीवन प्राप्त करता है जो इसे नियंत्रित करते हैं और इसे संचालित करते हैं। भारत को ईमानदार लोगों के एक समूह से ज्यादा कुछ नहीं चाहिए जिनके सामने देश का हित होगा। इसके लिए मजबूत चरित्र वाले, दूरदर्शी लोगों की आवश्यकता है, जो देश के हितों का त्याग नहीं करेंगे और जो पूर्वाग्रहों से ऊपर रहेंगे।

आज पूर्वाग्रहों का प्रयोग, नीति और उसका निष्पादन करने के लिए ही हो रहा है। इसके खिलाफ कुछ संस्थान खड़े हो रहे हैं जैसा कि सुप्रीम कोर्ट के पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ द्वारा उल्लेखनीय उस फैसले के मामले में है जिसने 2018 की चुनावी बॉन्ड योजना को रद्द कर दिया और आदेश दिया था कि इस बात का विवरण सार्वजनिक किया जाए कि बॉन्ड किसने खरीदे और किसने पैसे लिये। फिर भी, इस फैसले से मायूस होकर इसे रोकने की हताशा इतनी अधिक थी कि संविधान पीठ से अपने आदेश में संशोधन करने के लिए कहने हेतु भारत के सबसे बड़े राष्ट्रीयकृत बैंक, भारतीय स्टेट बैंक को डेटा जारी करने के लिए कम से कम 3 महीने का समय मांगने के लिए एक जूनियर अधिकारी का हलफनामा दायर करने का दुस्साहस करना पड़ा। यह समय डेटा जारी करने के लिए पर्याप्त से अधिक था। जैसा कि बाद में पाया गया कि डेटा आसानी से उपलब्ध है।

यह बात चुनावों से पहले बाहर आने के कारण इस कदम को बॉन्ड के माध्यम से पैसे मिलने के सबूत छिपाने और सत्तारूढ़ तंत्र के जबरन वसूली के गंदे रहस्यों को छुपाये रखने के एक स्वाभाविक और ज़बरदस्त प्रयास के रूप में देखा गया था। दाखिल हलफनामा झूठा था क्योंकि अंततः सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित समय सीमा में ही डेटा जारी किया गया था। हमारे समय के सबसे महत्वपूर्ण फैसलों में से एक पर किस तरह कोई बैंक सुप्रीम कोर्ट से झूठ बोल सकता है? किस तरह आयकर विभाग सबसे महत्वपूर्ण राजनीतिक दलों में से एक कांग्रेस के धन को फ्रीज़ करने की कार्रवाई शुरू करता है? उच्च न्यायालय का न्यायाधीश समय से पहले सेवानिवृत्ति कैसे ले सकता है और उसके तुरंत बाद चुनाव के लिए भाजपा का टिकट प्राप्त कर सकता है? यह कैसे हो सकता है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा एक राज्यपाल को संविधान का पालन करने और एक निर्वाचित सरकार को काम करने से न रोकने के लिए कहना पड़ता है?

सभ्यता के पतन का अध्ययन करने वाले इतिहासकार अर्नोल्ड टॉयनबी ने हमें बताया है कि पतन बाहर की हमलावर ताकतों से नहीं आता है बल्कि आत्महत्या के एक रूप से सामने आता है। विघटन की स्थिति में समाज %आत्मा की फूट% से पीड़ित है। हम एक आंतरिक पतन से पीड़ित हैं। आज सबसे बड़ा सवाल यह नहीं है कि अर्थव्यवस्था कितनी अच्छी है, चुनाव कौन जीतेगा, बल्कि सवाल यह है कि राष्ट्र उन ताकतों के खिलाफ कैसे खड़ा होगा जो भारत की भावना को उसके सबसे पवित्र संस्थानों और कार्यालयों को अंदर से मार सकती हैं।

## संपादकीय

### घाटी की सुरक्षा

इसमें दो राय नहीं कि देश की अखंडता को चुनौती और कानून व्यवस्था के गंभीर संकट के बीच सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम यानी अफस्पा अस्तित्व में आया होगा। हालांकि, नागरिक स्वतंत्रता के अतिक्रमण और कई बार सुरक्षा बलों के अभियानों में चूक के चलते हुई जनक्षति के चलते इसकी सार्थकता को लेकर विमर्श देश में चलता रहा है। इसके खिलाफ लंबे आंदोलन भी हुए और नागरिक स्वतंत्रता से जुड़े संगठन इसका मुखर विरोध भी करते रहे हैं। यद्यपि देश की सरकारें इसे अराजकता व अतिवाद के उपचार के साधन के रूप में देखती रही हैं। बहरहाल, अनुच्छेद 370 हटाये जाने के बाद केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में सामान्य होती स्थिति के बीच केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा अफस्पा हटाने के संकेत का स्वागत ही किया जाना चाहिए। जिसके बाद नागरिक स्थलों की सुरक्षा का जिम्मा पुलिस को सौंपा जा सकता है। निश्चित रूप से इसे घाटी में लोकतांत्रिक व्यवस्था बहाल करने की दिशा में एक कदम के रूप में देखा जा सकता है। गृह मंत्री ने यथाशीघ्र इस केंद्रशासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव कराने व कानून व्यवस्था पुलिस को सौंपे जाने के संकेत दिये हैं। निश्चित रूप से घाटी में पिछले कुछ समय में कानून व्यवस्था में सुधार देखा गया है। सीमा पर कड़ी चौकसी और आतंकवादी संगठनों का वित्त पोषण करने वाले व्यक्तियों व संगठनों पर नकेल कसी गई है। कइयों की संपत्ति की कुर्की, गिरफ्तारी तथा बैंक खातों को सील करने की कार्रवाइयां हुई हैं। जिसके चलते अलगाववादियों की गतिविधियों पर किसी हद तक अंकुश लगाने में कामयाबी मिली है। ऐसे में राज्य में लोकतांत्रिक प्रक्रिया प्रारंभ करने के लिये अनुकूल वातावरण बनता दिख रहा है। ऐसे में अफस्पा हटाने का कदम राज्य में विधानसभा चुनाव के अनुरूप राजनीतिक गतिविधियां आरंभ करने में सहायक साबित हो सकता है। वैसे भी नागरिक प्रशासन से जुड़े स्थानों पर सैन्य बलों की तैनाती लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना की दृष्टि से अच्छी नहीं कही जा सकती है।उम्मीद के अनुरूप गृहमंत्री अमित शाह की जम्मू-कश्मीर से अफस्पा हटाने की टिप्पणी का विभिन्न राजनीतिक दलों व वरिष्ठ नौकरशाहों ने स्वागत ही किया है। जो राज्य में लोकतांत्रिक प्रक्रिया आरंभ करने की दिशा में पहला व निर्णायक कदम माना जा रहा है। जम्मू-कश्मीर को केंद्रशासित प्रदेश बनाये जाने से पहले वर्ष 2008 से 2018 तक जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल रहे सीनियर ब्यूरोक्रेट एन.एन. वोहरा का मानना है- 'जम्मू कश्मीर में विशेष अधिकार अधिनियम यानी अफस्पा हटाकर कानून-व्यवस्था राज्य पुलिस को सौंपने का संकेत एक सार्थक पहल होगी। उन्होंने देश के उन अन्य क्षेत्रों में ऐसी पहल की जरूरत बतायी, जहां आंतरिक सुरक्षा के लिये लंबे समय से सैन्य बलों को तैनात किया गया है। उनका मानना है कि सार्वजनिक व्यवस्था बनाये रखना राज्य पुलिस का प्राथमिक कर्तव्य है। जिससे सेना को उसके वास्तविक काम पर लौटने में मदद मिल सकेगी।' निश्चित रूप से किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में नागरिक अधिकारों की बहाली सत्ता की प्राथमिकता होनी चाहिए। सैन्य बलों की कार्यशैली में नागरिकों के प्रति संवेदनशीलता को लेकर भी प्रश्न उठते रहे हैं। निश्चित रूप से नागरिकों से जुड़े कानूनी पहलुओं का क्रियान्वयन व कार्यशैली लोकतांत्रिक दृष्टिकोण की मांग करते हैं। यही वजह है कि जाने-अनजाने में कई निर्दोष लोगों के सैन्य बलों की कार्रवाई की चपेट में आने की आशंका बनी रहती है। पुलिस की भूमिका जहां कानून व्यवस्था बनाये रखने की होती है, वहीं उसे स्थानीय विवादों को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने का अनुभव भी होता है। निश्चित रूप से जोड़ने का जो काम सुई कर सकती है, उसकी जगह तलवार का उपयोग अतार्किक ही कहा जाएगा। वहीं दूसरी ओर नागरिक अधिकारों की बहाली से सरकारी तंत्र व नागरिकों के बीच भरोसा बढ़ेगा। सरकारी योजनाओं में जनता की भागीदारी में वृद्धि होगी। साथ ही राज्य में विधानसभा चुनावों के अनुकूल वातावरण बनाने में भी मदद मिलेगी। केंद्र सरकार की तरफ से पहल होनी चाहिए कि राज्य में रोजगार के अवसरों को विशेष जरूरत मानकर बढ़ाया जाए। ताकि बेरोजगारी का फायदा उठाकर अलगाववादी ताकतें उन्हें पथभ्रष्ट करने की कुत्सित कोशिश न कर सकें।

# चुनाव में नहीं चुना जाता पर्यावरण

इसी समय जन आंदोलनों के राष्ट्रीय समन्वय (एनएपीएम) में दस सूत्रीय जनता के मुद्दे सुझाये थे जिनमें एक जल, जंगल, जमीन, खनिज एवं अन्य प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण एवं प्रबंधन से जुड़ा था। प्रसिद्ध पत्रकार प्रफुल्ल बिडवई से जुड़े नागरिकों के संगठन ने भी एक एजेंडा बनाया था जिसमें देश के प्राकृतिक संसाधनों एवं उनके प्रबंधन पर स्थानीय समुदाय के लोगों की भागीदारी पर जोर दिया गया था।

बहुत अधिक पीछे न जाकर पिछले 11-12 वर्षों में घटी प्रमुख त्रासदियों (केदारनाथ, जोशीमठ एवं सिक्किम) तथा मौसम की चरम घटनाओं को देखते हुए अब यह जरूरी हो गया है कि सभी राजनैतिक दल आगामी लोकसभा चुनाव (2024) में पर्यावरण को महत्व दें। पर्यावरण के मुद्दों को अपने घोषणा पत्रों या संकल्प-पत्रों में शामिल कर उनके समाधान हेतु प्रतिबद्धता दर्शायें। पर्यावरण से जुड़े कई लोगों एवं संगठनों की सलाह-सुझाव एवं मांगों के बावजूद राजनैतिक दलों ने पर्यावरण से दूरी ही बनाकर रखी है।

प्रसिद्ध वकील, पर्यावरणविद् एवं मेगसेसे पुरस्कार प्राप्त एमसी मेहता ने बम्बई (अब मुम्बई) में आयोजित एक समारोह (1988) में कहा था कि पर्यावरण से जुड़े लोग चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों पर इस बात का दबाव बनायें कि वे अपने घोषणापत्रों में पर्यावरण से जुड़े मुद्दों को शामिल करें। इसके साथ ही यह भी कहा था कि पर्यावरण क्षरण के कारणों में राजनैतिक नेताओं तथा सरकारी अफसरों की जिम्मेदारी तय होना चाहिये, भले ही वे पद पर हों या नहीं।

दिल्ली स्थित विज्ञान एवं पर्यावरण केन्द्र (सीएसई) के संस्थापक स्व. अनिल अग्रवाल ने दिल्ली दूरदर्शन के एक कार्यक्रम में कहा था कि देश को ऐसे जिम्मेदार एवं संवेदनशील राजनेताओं को जरूरत है जो अन्य समस्याओं के साथ न केवल पर्यावरण की समस्याओं को समझें, अपितु उनके समाधान में भी अग्रणी रहें। मार्च 2005 में आजादी बचाओ आंदोलन के एक कार्यक्रम में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के तत्कालीन अध्यक्ष एवं वैज्ञानिक स्व. प्रो. यशपाल ने कहा था कि राजनैतिक दलों ने चुनाव में हमेशा आम जनजीवन से जुड़े मुद्दों की अनदेखी की है, जिनमें पर्यावरण की समस्याएं प्रमुख हैं।

चिपको आंदोलन के प्रमुख, पद्मभूषण श्री चंडीप्रसाद भट्ट का कहना है कि मानव अस्तित्व की रक्षा के लिए पर्यावरण के बारे में राजनैतिक दलों ने कभी गंभीरता से नहीं सोचा। विभिन्न दलों के नेता सामाजिक संगठनों के मंचों से तो पर्यावरण बचाने की बात करते हैं, परतु चुनाव के समय अपने घोषणा पत्रों में उसे जगह नहीं देते। चिपको आंदोलन को



वैश्विक ख्याति दिलवाने वाले स्व. सुंदरलाल बहुगुणा ने नदी-जोड़ योजना की एक बैठक में मई 2009 में गुस्से से कहा था कि सभी राजनैतिक दलों द्वारा पर्यावरण को चुनावी मुद्दा नहीं बनाना एक अपराध है क्योंकि इस सदी की शुरुआत ही जल संकट एवं ग्लोबल वार्मिंग% जैसी वैश्विक समस्याओं से हुई है।

लगभग 50 वर्ष पूर्व विश्वद प्रकृति निधि (वर्ल्ड फंड फॉर नेचर, डब्ल्यूएफएन जिसका पूर्व नाम विश्व वन्य जीव कोषथा।) ने एक ग्रीन-चार्टर बनाकर विभिन्न राजनैतिक दलों के पास इस अनुरोध के साथ भेजा था कि इसकी बातें वे अपने चुनावी घोषणापत्रों में शामिल करें। इसमें पांच प्रमुख बात कही गयीं थीं - केन्द्रीय पर्यावरण व वन मंत्रालय% का नाम पर्यावरण संरक्षण मंत्रालय हो, पर्यावरण संरक्षण में जनता की भागीदारी की योजना बनाई जाए, उद्योग, कृषि एवं अन्य क्षेत्रों में पर्यावरण सरंक्षण पर ध्यान दें, शहरों की संतुलित एवं पर्यावरण अनुकूल विकास योजनाएं बने, शिक्षा व्यवस्था में पर्यावरण के महत्व को समझाया जाए।

इसी समय जन आंदोलनों के राष्ट्रीय समन्वय% (एनएपीएम) में दस सूत्रीय जनता के मुद्दे सुझाये थे जिनमें एक जल, जंगल, जमीन, खनिज एवं अन्य प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण एवं प्रबंधन से जुड़ा था। प्रसिद्ध पत्रकार प्रफुल्ल बिडवई से जुड़े नागरिकों के संगठन ने भी एक एजेंडा बनाया था जिसमें देश के प्राकृतिक संसाधनों एवं उनके प्रबंधन पर स्थानीय समुदाय के लोगों की भागीदारी पर जोर दिया गया था। वर्ष 1998 में दिल्ली में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान वहां के निवासियों को वायु प्रदूषण के गंभीर प्रभावों के बारे में %विज्ञान एवं पर्यावरण केन्द्र% द्वारा बताया गया था। चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों से कहा जाना चाहिए कि वे वादा करें कि पर्यावरण के मामले में आम लोगों के साथ हैं। इस सिलसिले में प्रत्याशियों के प्रयासों ी जानकारी घोषणा पत्रों के अलावा विज्ञापनों में भी दी जानी चाहिए।

हाल ही में मुम्बई से प्रकाशित एक समाचार पत्र से पता चला कि वहां के नेट-कनेक्ट तथा %वाय डाग फाउंडेशन,% %सागर शक्ति,% खबर, वेटलैंड्स ऐंड हिल्स तथा %एलायंस फार रिवर्स इन इंडिया% आदि संगठनों के प्रमुख एवं उनसे जुड़े कार्यकर्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण के लिए राजनेताओं की जवाबदेही हेतु एक अभियान शुरू किया है। इसका प्रमुख मुद्दा है

कि पर्यावरण संरक्षण एवं प्राकृतिक संतुलन बनाये रखने हेतु राजनैतिक दल अपने घोषणा पत्रों में इसका उल्लेख करें। इस संदर्भ में सभी दलों को पत्र भी लिया गया है। पर्यावरण के बिगड़े और लगातार बिगड़ते हालातों को देखते हुए अब यह जरूरी हो गया है कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाग ले रहे प्रत्याशी अपने-अपने क्षेत्रों की पर्यावरण समस्याए एवं उनके समाधान के प्रयासों की जानकारी घोषणा पत्रों में दें।

# मटका से संबंधित वास्तु टिप्स



**सनातन धर्म में वास्तु शास्त्र का विशेष महत्व है। शास्त्र में घर की सभी चीजों को रखने के लिए उचित दिशा बताई गई है। वास्तु शास्त्र के अनुसार घर की चीजों को उत्तम दिशा में रखने से इंसान का जीवन सुखमय होता है। माना जाता है कि घर में पानी के मटका को सही दिशा में नहीं रखने से इंसान को जीवन में नकारात्मक ऊर्जा का सामना करना पड़ता है। इसलिए मटका को घर की शुभ दिशा में रखना चाहिए। अगर मटका को सही दिशा में रखा जाए, तो इससे घर में खुशहाली आती है। चलिए जानते हैं मटका को घर की किस दिशा में रखना फलदायी होता है।**

### इस दिशा में रखें

वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर में सदैव मटका को उत्तर या पूर्व दिशा अर्थात् ईशान कोण में रखना चाहिए। माना जाता है कि इन दिशाओं में बृहस्पति देव का वास होता है और अगर आप इस दिशा में मटका रखते हैं, तो बच्चों के भौतिक विकास में मदद प्राप्त होती है। इसके अलावा बच्चों के करियर में ग्रोथ होती है।

### इस बात का रखें ध्यान

मटका को हमेशा ढंक कर रखना चाहिए। इसको ढंकने के लिए प्लास्टिक के ढक्कन का प्रयोग नहीं करना चाहिए। इसकी जगह आप मिट्टी के ढक्कन का उपयोग करें। इससे अधिक लाभ प्राप्त होता है।

### मटका से जुड़े वास्तु नियम

ऐसा माना जाता है कि घर में मटका या सुराही होने से धन की देवी मां लक्ष्मी का वास होता है। इससे धन का लाभ प्राप्त होता है। साथ ही पैसों की तंगी से निजात मिलती है। घर में मटका को पानी से भरकर रखना चाहिए। वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर की उत्तर दिशा में देवी-देवताओं का वास होता है। मटका या सुराही को सदैव पानी से भरकर रखने से देवी-देवता प्रसन्न होते हैं। साथ ही घर में सुख-समृद्धि का आगमन होता है।

# गर्मी के मौसम में कैसे करें मेकअप

**गर्मी के मौसम में कई सारी चीजों में बदलाव करने पड़ते हैं। खाना-पीना, कपड़े, हेयर स्टाइल और सबसे जरूरी मेकअप के ढंग में बदलाव। गर्मी में मेकअप करना किसी चुनौती से कम नहीं है। परेशानी तब बढ़ जाती है जब किसी पार्टी में जाना पड़ जाए। मेकअप हल्का हो या ज्यादा पसीने और चिपचिपाहट के कारण गर्मी में मेकअप को देर तक टिकाए रखना काफी मुश्किल हो सकता है। ऐसे में इस परेशानी को कम करने के लिए हम न सिर्फ समर मेकअप टिप्स लाएं हैं, बल्कि गर्मी में मेकअप कैसे करें, इसका तरीका भी साझा कर रहे हैं। तो आसान समर मेकअप टिप्स इस प्रकार हैः-**

### 1. ऑयल फ्री क्लीनजिंग

चेहरे को क्लीन करना सबसे पहला व महत्वपूर्ण स्टेप होता है। ऐसे में त्वचा को साफ करने के लिए ऑयल फ्री फेस वाश का उपयोग करना अच्छा विकल्प हो सकता है। पसीने की समस्या गर्मी में सामान्य है और यह मेकअप के खराब होने का कारण भी बन सकता है। तो इस परेशानी को कम करने में ऑयल फ्री फेस वाश का सहारा लेना अच्छा ऑप्शन हो सकता है। इसके अलावा, हफ्ते में एक या दो बार पसीने या त्वचा से तेल की समस्या को कंट्रोल करने के लिए घरेलू उपाय कर सकते हैं। इसके लिए मुल्तानी मिट्टी, बेसन, नीम, मसूर दाल जैसे घरेलू सामग्रियों का उपयोग किया जा सकता है।

**फेस वाश उपयोग करने का तरीका:**

चेहरा साफ करने से पहले गुनगुने या सामान्य तापमान वाले पानी से चेहरे को गीला कर लें। फिर उंगलियों पर उचित मात्रा में फेस वाश लेकर पूरे चेहरे पर लगाएं। कुछ सेकंड्स रुकें फिर इसे पूरे चेहरे पर मलते हुए साफ पानी से धो लें।

### 2. बर्फ लगाएं

समर मेकअप टिप्स में बर्फ का विकल्प भी आसान और असरदार हो सकता है। कई लोगों का मानना है कि बर्फ लगाने से न सिर्फ पसीने की समस्या कम हो सकती है, बल्कि त्वचा को ठंडक और आराम भी मिल सकता है।



आइस क्यूब को फेस वाश करने के बाद भी उपयोग किया जा सकता है। इसके अलावा, मेकअप से कुछ मिनट पहले भी आइस क्यूब का उपयोग कर सकती हैं। ऐसा करने से पसीना कम आएगा व मेकअप भी काफी लंबे समय तक टिका रह सकता है।

**आइस क्यूब उपयोग करने का तरीका:**

आइस क्यूब को आप मसाज करते हुए सर्कुलर मोशन में पूरे चेहरे पर रब करें। चाहें तो आइस क्यूब को पकड़ने के लिए किसी साफ कपड़े की मदद भी ले सकती हैं।

# दिल को कैसे हेल्दी रखें



अगर सीढ़ियां चलते समय सांस फूले या पसीना या फिर थकावट आ रहा है,तो सावधान हो जाना चाहिए, क्योंकि ये दिल से जुड़ी बीमारियों के संकेत हैं। ऐसे में बिना समय गंवाए तुरंत डॉक्टर के पास जाना चाहिए। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, अगर थोड़ी सीढ़ियां चढ़ते ही सीने में दर्द महसूस हो या दिल में दबाव सा लगे या फिर पसीना या चक्कर आए तो इसे बिल्कुल भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, क्योंकि इसकी वजह से दिल को नुकसान पहुंच सकता है और ये जानलेवा भी हो सकता है।

**दिल की जांच कैसे करें :-** एक्सपर्ट्स के अनुसार, दिल सही तरह काम कर रहा है कि नहीं इसकी जांच बड़ी ही आसानी से कर सकते हैं। अगर आप अचानक से सीढ़ियां चढ़ते हैं और सांस फूलने लगे तो हो सकता है कि बिना आदत ऐसा करने की वजह से हो रहा है। ऐसे में जरूरी नहीं कि आपका दिल अनफिट है। इसलिए भारी या नई एक्सरसाइज करने से पहले शरीर को पूरी तरह से तैयार करना चाहिए। इससे शरीर और दिल पर सीधा दबाव नहीं पड़ता है।

### रोजाना तेज चलें

डॉक्टर ने बताया कि दिल की सेहत को दुरुस्त रखने के लिए रोजाना 30 मिनट तक एक्सरसाइज करना चाहिए। अगर आप रनिंग करते हैं या फिर चलते हैं तो उसकी स्पीड तेज रखें। हर दिन 10 हजार कदम चलने से दिल एकदम हेल्दी बनता है।

### फिजिकली एक्टिविटी जरूर करें

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, अगर आप जिम नहीं जाना चाहते और सुबह एक्सरसाइज नहीं कर पा रहे हैं तो भी परेशानी वाली बात नहीं है। अगर आपको डांस आता है,तो कर सकते हैं। इसके अलावा खेलकूद में हिस्सा लेकर शरीर और दिल को फिट रख सकते हैं।

### कमजोर दिल की पहचान कैसे करें

अगर सीढ़ियां चढ़ते वक्त दिल में दबाव लगे, पसीना आए, चक्कर सा महसूस हो, सीने में दर्द हो या सांस फूलने लगे तो समझ जाएं कि दिल कमजोर हो गया है। ऐसे में डॉक्टर से मिलकर अपने दिल की जांच करवानी चाहिए। अगर इनमें से किसी तरह का संकेत नहीं मिलता है और सिर्फ सीढ़ियां चढ़ने से सांस तेज होती है तो मतलब दिल हेल्दी है।

# पुश अप करने के तरीके



**शरीर को चुस्त और तंदुरुस्त रखने के लिए संतुलित भोजन के साथ-साथ शारीरिक व्यायाम भी जरूरी है। व्यायाम शरीर को फिट रखने के साथ ही कई प्रकार की बीमारियों को दूर रखने में मदद कर सकता है। इसके अलावा, नियमित रूप से व्यायाम करने से शरीर का स्टैमिना भी बढ़ता है। इस आर्टिकल में हम ऐसे ही एक खास व्यायाम यानी पुश अप की बात कर रहे हैं। इस आर्टिकल में हम बताएंगे कि पुश अप क्या है। साथ ही पुश अप के फायदे और इस एक्सरसाइज को कैसे किया जाए, इसकी जानकारी भी देंगे। साथ ही इस बात को भी ध्यान में रखें कि कोई भी शारीरिक व्यायाम शुरू करने से पहले ट्रेनर से प्रशिक्षण लेना जरूरी है और इसे नियमित रूप से करने पर ही फायदा होगा।**

### पुश अप क्या है?

पुश अप एक सामान्य व्यायाम है, जिसमें पूरी शरीर को जमीन के सामांतर आकर सीधा रखा जाता है। छाती के दोनों ओर हथेलियों को जमीन पर रख कर बाजुओं और कंधों पर जोर देकर शरीर को ऊपर व नीचे किया जाता है। इस अवस्था में शरीर का पूरा भार हथेलियों व पैरों के पंजों पर होता है। पुश-अप मांसपेशियों, ट्राइसेप्स और कंधों को मजबूत बनाने के साथ ही शरीर की स्ट्रैंथ को बढ़ाने में मददगार हो सकता है

**स्टैंडर्ड पुश अप:** यह पुश अप करने का सबसे आम तरीका है। इसमें हाथों को कंधे के समानांतर रखा जाता है और पैरों के बीच में कुछ दूरी रखी जाती है।

**मॉडिफाइड पुश अप:** पुश अप करने के इस तरीके में भी हाथों को कंधे के समानांतर रखा जाता है, लेकिन घुटना जमीन के साथ सटे रहते हैं। जो पहली बार पुश अप कर रहे हैं, उनके लिए शुरुआत में यह तरीका सबसे सही है।

**वाइड पुश अप:** इस पुश अप में पैरों को पूरी तरह से फैलाया जाता है और हाथों को कंधों से कुछ दूरी पर रख कर अपने शरीर को ऊपर की ओर धकेला जाता है। पहली बार पुश अप्स कर रहे लोगों के लिए यह तरीका भी सरल है।

**नैरो पुश अप:** पुश अप की इस विधि में हाथों को छाती के पास अंदर की ओर रखा जाता है। यह तरीका शुरुआत में थोड़ा कठिन लग सकता है।

**डिक्लाइन पुश अप:** इस प्रकार के पुश अप में हाथों को कंधे के समानांतर रखा जाता है और पैरों को थोड़ी ऊंची टेबल या फिर सीढ़ी पर रख कर किया जाता है। इसको करने में ज्यादा मेहनत लगती है, लेकिन यह जल्दी ही असर दिखाता है।

**प्लायोमेट्रिक पुश-अप:** यह पुश अप करने का एडवांस तरीका है। इसमें पुश अप करते समय शरीर के ऊपरी हिस्से को ऊपर की ओर उछाला जाता है और ताली बजाई जाती है। फिर वापस जमीन पर अपने हाथ रखे जाते हैं। इस दौरान पंजे जमीन से सटे रहते हैं।

# बच्चे के कमरे का मेकओवर

**बच्चे का कमरा उसकी दुनिया होती है। यहां वह सोता है, खेलता है, पढ़ता है और बहुत कुछ सीखता है। इसलिए इस कमरे को खास बनाना बहुत जरूरी है। आप चाहे तो कम खर्च में भी इसे नया और सुंदर बना सकते हैं। बस थोड़े से रंग, कुछ मजेदार सजावट और थोड़ी सी कल्पना की जरूरत है। इससे आपका बच्चा खुश भी रहेगा और उसका कमरा भी बहुत अच्छा दिखेगा। आइए जानते हैं कुछ आसान टिप्स जिससे बच्चे के कमरे को नया लुक दिया जा सकता है।**

### रंगों का चुनाव

अगर आप चाहते हैं कि बच्चे के कमरे में हमेशा उजाला और खुशियों का माहौल बना रहे, तो दीवारों पर हल्के और खुशनुमा रंग को चुने। जैसे- उज्ज्वल हरा, चमकीला पीला, या हल्का गुलाबी - ये रंग न सिर्फ कमरे को रोशन करते हैं बल्कि बच्चों के मन में भी सकारात्मकता और खुशी भर देते हैं। ऐसे रंग चुनें जो बच्चे की रुचि को दर्शाते हों और उसे खुश करें।



### कमरे को थीम दें

बच्चे के कमरे को खास बनाने के लिए थीम वाली सजावट बहुत अच्छा ऑप्शन है। जैसे, अगर बच्चे को परियों की कहानियां पसंद हैं, तो उसके कमरे को परी थीम से सजाएं। दीवारों पर परियों के स्टिकर लगाएं, खिड़कियों पर रंगीन पर्दे डालें और बिस्तर पर सुंदर चादरें बिछाए। इससे कमरा सुंदर भी लगेगा और बच्चा खुश हो जाएगा।

### सीखने की चीजें

बच्चे के कमरे में सीखने और खेलने के लिए खास जगह बनाएं। कुछ शेल्फ या डिब्बे रखें जहां वो अपनी पसंद की किताबें और खिलौने रख सकें। ये किताबें और खिलौने उन्हें नई-नई चीजें सिखाएंगे और उनकी सोच को विस्तार देंगे। इस तरह की जगह बच्चे के लिए मजेदार भी होगी और उसे कुछ अच्छा सीखने को भी मिलेगा।

### अच्छी लाइट

बच्चे के कमरे की रोशनी ऐसी होनी चाहिए जो उसके लिए आरामदायक हो। इसके लिए, नरम और सुखद लाइट वाले लैंप चुनें। ऐसी लाइट बच्चे को पढ़ाई करते समय या सोते समय आराम देती है। यह न सिर्फ कमरे को खूबसूरती से रोशन करेगा,बल्कि एक शांत और सुकून भरा माहौल भी बनाए रखेगा। इससे बच्चे के मन में शांति रहती है।



# कपड़े धोने के टिप्स

**क्या आप चाहते हैं कि आपके कपड़े धोने के बाद भी नए जैसे बने रहें? अक्सर धुलाई के बाद कपड़े पुराने और फीके लगने लगते हैं,लेकिन कुछ आसान टिप्स से हम अपने कपड़ों को लंबे समय तक नया जैसा रख सकते हैं। आज हम आपको ऐसे ही कुछ आसान तरीके बताएंगे जो कपड़ों को जल्दी फीका होने से बचाएंगे। यह न केवल हमारे कपड़ों को बचाता है बल्कि पैसे की भी बचत होती है,क्योंकि हमें बार-बार नए कपड़े नहीं खरीदने पड़ते। तो, अगर आप भी अपने कपड़ों को हमेशा नए जैसा देखना चाहते हैं, तो ये टिप्स जरूर अपनाएं।**

### ठंडे पानी का इस्तेमाल करें

कपड़े धोते समय गर्म पानी की जगह ठंडे पानी का इस्तेमाल करें। ठंडा पानी कपड़ों के रंग को फीका पड़ने से बचाता है और उनकी चमक को लंबे समय तक बरकरार रखता है। इससे कपड़ों की अच्छी देखभाल होती है और वे ज्यादा समय तक नए जैसे बने रहते हैं।

### कपड़े पलटकर धोएं


रंगीन और प्रिंट वाले कपड़ों को धोते समय उन्हें उल्टा कर दें। इससे धुलाई के दौरान उनके रंग और प्रिंट पर कम रगड़ होती है, जिससे वे फीके नहीं पड़ते और लंबे समय तक अच्छे बने रहते हैं। यह एक आसान लेकिन असरदार तरीका है कपड़ों की चमक और रंग को बचाए रखने का।

### नरम डिटर्जेंट का उपयोग करें

कपड़े धोने के लिए तेज केमिकल वाले डिटर्जेंट की जगह, नरम और हल्के डिटर्जेंट का इस्तेमाल करें। ऐसे डिटर्जेंट कपड़ों को नुकसान नहीं पहुंचाते और उनका रंग भी सुरक्षित रखते हैं। इससे आपके कपड़े ज्यादा दिनों तक अच्छे और नए रहेंगे।

# खजूर के अनगिनत फायदे

आजकल के चाइनीज खानपान की वजह से लोगों ने ड्राई फ्रूट्स का सेवन कम कर दिया है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि ड्राई फ्रूट्स खाने के कितने फायदे हो सकते हैं? आज हम आपको इस रिपोर्ट में बताएंगे की खजूर का सेवन करने से आपको अनेकों प्रकार के फायदे हो सकते हैं।



### रोजाना इसका सेवन से हड्डियां मजबूत

खजूर को सुपर फूड भी कहा जाता है यह सेहत के लिए किसी वरदान से काम नहीं है। खजूर में कैल्शियम , पोटेशियम, एंटीऑक्सीडेंट ,फाइबर ,आयरन जैसे तमाम गुण पाए जाते हैं। रोजाना इसका सेवन करने से हड्डियां मजबूत रहती है। यह पाचन संबंधी समस्या को दूर करता है। जानकारी के अनुसार अगर आप रोजाना 4 से 6 खजूर खाते हैं तो इससे आपको वजन कम करने में मदद मिलती है साथ ही इसमें विटामिन C होने की वजह से ये त्वचा और बालों के लिए बेस्ट माना जाता है। इसके अलावा डायबिटीज पेशेंट को रोजाना अपनी डाइट में खजूर को शामिल करना चाहिए, इससे यह शुगर कंट्रोल करने में मदद करता है। आजकल बहुत से लोगों को जंक फूड खाने की आदत होती है। जिससे छुटकारा पाना मुश्किल होता है, लेकिन खजूर का रोजाना सेवन करने से जंक फूड की आदत को रोका जा सकता है।

**ऐसे करें सेवन :-** स्वास्थ्य के लिए खजूर का सेवन काफी फायदेमंद माना गया है। यही नहीं गर्भवती महिलाओं को इसका सेवन करने से कमजोरी और थकान दूर होती है। खजूर का सेवन कई तरह से किया जा सकता है, जैसे इसे आप सीधे सुखा भी खा सकते हैं, दूध में मिलाकर भी आप इसे पी सकते हैं। इसके अलावा खजूर का उपयोग मिठाई, पेस्ट्री बनाने में भी किया जाता है। इसका सेवन करते वक्त कुछ बातों का ध्यान जरूर रखें। जरूरत से ज्यादा खजूर का सेवन करने से दस्त लगने की संभावना हो सकती है।

# पेट की गैस निकालने के लिए योगासन

अक्सर ही रात में कुछ ज्यादा चटपटा, मसालेदार या भारी खा लिया जाए तो अगली सुबह पेट में गड़बड़ी होने लगती है। मलत्याग करने के बाद भी पेट फूला रहता है और पेट में गैस बनती है सो अलग। ऐसे में समझ नहीं आता कि इस गैस से छुटकारा कैसे पाया जाए, लेकिन दवाइयां खाने के बजाय आप कुछ ऐसे योगासन कर सकते हैं,जो पेट की गैस दूर करने में कमाल का असर दिखाते हैं। इन योगासन को करना आसान भी है और असरदार भी। ये योगा पोज शरीर में बंद गैस को बाहर निकालते हैं और मलत्याग को भी आसान बना देते हैं।



### आनंद बालासन

आनंद बालासन योगा को हैप्पी बेबी योगा कहते हैं। इस योगासन को करने पर पेट फूलने की दिक्कत दूर होती है और पेट से आसानी से गैस निकल जाती है। यह योगासन करने के लिए अपनी पीठ के बल जमीन पर लेट जाएं। घुटनों को मोड़कर अपनी छाती तक लाएं और पैरों के तलवों को हाथों से पकड़ लें। जितना शरीर फ्लेक्सिबल हो उतना ही करें, जबरदस्ती ना करें। 1 से 5 मिनट तक इस पोज को होल्ड करें और फिर सामान्य हो जाएं। ध्यान रहे कि आपका सिर और गर्दन जमीन से लगे हुए ही रहें।

### अपानासन

इस योगा में घुटनों को छाती तक लाया जाता है। इसे करने के लिए पीठ के बल लेट जाएं। अब अपने घुटनों को 90 डिग्री के कोण पर मोड़ें। आपके पंजे सामने की तरफ होंगे और घुटने छाती से लगेंगे। इस योगासन को करते हुए पैरों को आगे-पीछे किया जाता है। कुछ देर करने के बाद सामान्य हो जाएं। शरीर से गैस निकलने लगेगी।

### अर्ध-अपानासन

अर्ध-अपानासन को विंड रिलीविंग पोज भी कहते हैं। इस योगासन को करने से पेट फूलने की दिक्कत तो दूर होती ही है, साथ ही इससे आंतों को भी फायदा मिलता है। पीठ के बल जमीन पर लेटने के बाद एक पांव सीधा रखा जाता है और दूसरे पैर को घुटनों से मोड़कर छाती पर लगाते हैं। दोनों पैरों के साथ बारी-बारी से इस पोज को किया जाता है। 5 मिनट तक इस योगासन को करें। गैस की दिक्कत दूर होने में असर नजर आने लगेगा।

# आमोलपठा चौकी प्रभारी ने नंगी तलवार लेकर घूम रहा मंटू को गिरफ्तार कर, भेजा जेल




पुष्पांजलि टुडे से सतीश परिहार करैरा
9399215234

अमोला थाना की आमोलपठा पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम थरखेडा से पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए हथियार लेकर घूम रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर से आरोपी को गिरफ्तार कर मामला दर्ज किया है।जानकारी के अनुसार आमोलपठा चौकी प्रभारी अभिमन्यु राजावत ने बताया की मुखविर की सूचना पर ग्राम थरखेड़ा गांव में एक व्यक्ति को 53 इंच लम्बी धारदार तलवार के साथ किसी अंजाम को लेकर घूम रहा था जिसकी सूचना पर से आमोलपठा पुलिस ने अबैध हथियार के साथ पकड़ लिया। उक्त व्यक्ति ने अपना नाम मंटू उर्फ कृष्णपाल पुत्र भानुप्रताप सिंह वैस उम्र 30 साल थरखेड़ा थाना अमोला का होना बताया।इसके बाद आरोपी पर पुलिस ने धारा 25 (बी) आर्म्स एक्ट तहत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया। उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में चौकी प्रभारी अमोलपठा अभिमन्यु राजावत, शेरसिंह गौर, राहुल कुमार, भगवान सिंह, प्रदीप महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# घर का ही सदस्य निकला झिरी के गढ़ी माता मंदिर की मूर्तियों को क्षतिग्रस्त करने वाले आरोपी

## मंदिर मैं आने वाले चढ़ावे को लूटने के लिए घटना को अंजाम

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी-** शिवपुरी जिए की पोहरी तहसील जे अंतर्गत आने बाले ग्राम झिरी में दिनांक 16.03.2024 को गढ़ी माता मंदिर में मूर्ति क्षतिग्रस्त किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा कर दी गई थी मंदिर पुजारी दयागिरि पुत्र स्व. लालगिरी निवासी ग्राम झिरी की रिपोर्ट पर अपराध क्र. 70/2024 धारा 295,457,427,153-ए भादवि का कायम कर विवेचना में लिया गया । इस घटना से आसपास के ग्रामीणों में भारी रोष था मंदिर से लोगों की भावनाये जुडे होने से पुलिस अधीक्षक शिवपुरी घटना दिनांक



को मौके पर पहुंचे एवं घटना का जायजा लिया, पुलिस अधीक्षक द्वारा एसडीओपी पोहरी एवं थाना प्रभारी पोहरी को उक्त घटना का पर्दाफास कर आरोपी की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने हेतु निर्देशित किया एवं पुलिस टीम बनाकर कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया शिवपुरी पुलिस द्वारा घटना को गंभीरता से लेते हुये पुलिस अधीक्षक जिला शिवपुरी के निर्देशन मे, अति पुलिस अधीक्षक शिवपुरी संजीव मुले एवं एसडीओपी पोहरी के मार्गदर्शन में एक टीम का गठन किया गया टीम के द्वारा विवेचना के दौरान ज्ञात आरोपी को कड़ी मेहनत कर दिनांक 31.03.2024 को टकले उर्फ महेन्द्र गिरी पुत्र प्रेमगिरी उम्र 24 साल निवासी ग्राम झिरी को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त सब्बल जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मंदिर पर गिरी परिवार एक एक साल पूजा करते थे जिस पर मंदिर के नाम सौ बीघा से अधिक जमीन का होना भी बताया गया साथ ही गिरी परिवार मैं मंदिर पर आने बाले च?ावे को लेकर भी विवाद होता रहता था तथा आरोपी महेंद्र गिरी नशे का भी आदि था जिस के लिए उसे घर से पैसा नही मिलता था जिसे लेकर महेन्द्र गिरी ने घटना को अंजाम दिया

# ऑटो से ले जा रहे अवैध शराब सात पेटी देशी प्लेन मदिरा जे साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी-** शिवपुरी जिले के थाना सुभाषपुरा प्रभारी ने रेकी कर ऑटो मैं ले जा रहे अवैध शराब सात पेटी देशी शराब के साथ आरोपी की गिरफ्तार कर किया जानकारी के अनुसार दिनांक 31.03.2024 को पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन मे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी संजीव मुले एवं एसडीओपी शिवपुरी संजय चतुर्वेदी द्वारा अवैध रूप से शराब के आवागमन व क्रय विक्रय करने वालों पर धरपकड़ की कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये थे निर्देशो के पालन में उनि कुसुम गोयल थाना प्रभारी सुभाषपुरा द्वारा लगातार मुखबिर से सपर्क रखते हुये



मुखबिर की सूचना पर से कार्यवाही करते हुए आरोपी राघवेन्द्र उर्फ कलुआ रावत पुत्र स्व. बादाम सिंह रावत उम्र 29 साल निवासी ग्राम मुडखेडा जंगल थाना सुभाषपुरा जिला शिवपुरी से 07 पेटी देशी प्लेन मदिरा की कुल कीमती 21000/- रुपये एवं एक हरे पीले रंग का ऑटो क्रं. MP 07 RB 1280 कीमती करीबन 350000/- (तीन लाख पचास हजार रुपये) कुल कीमती 3,71,000 (तीन लाख इकहत्तर हजार रुपये) जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया थाना हाजा पर अपराध कायम किया गया। उक्त कार्यवाही मे निम्मांकिंत फोर्स की अहम भूमिका रही ।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सुभाषपुरा उनि कुसुम गोयल, प्रआर. 197 अभय सिंह आर0 619 पवन कुमार, आर0 274 धर्मेन्द्र शर्मा, आर0 826 प्रशांत गुर्जर, आर.598 अर्जुन जाट, आर0 968 दामोदर भार्गव की अहम भूमिका रही ।

# अबैध शराब माफिया के खिलाफ कार्यवाही करते हुये 25 लीटर कच्ची शराब जप्त कर 350 लीटर लहान किया नष्ट

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री अमन सिंह राठौड द्वारा क्षेत्र मे अवैध शराब लाने लेजाने एवं विक्री करने बालों पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है । जिसके पालन मे अतिरिक?त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री संजीव मुले एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पोहरी द्वारा अबैध शराब के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के पालन में आज दिनांक 31.03.2024 को सिरसौद थाना प्रभारी उपनिरीक्षक मुकेश दुबोलिया



की टीम द्वारा ग्राम अमरखोआ में विजय कुशवाह के डेरे पर दबिश दी गई तो आरोपी विजय कुशवाह पुत्र रत्ता कुशवाह उम्र 40 साल के घर के पीछे से एक प्लास्टिक की कट्टी में हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब 25 लीटर कीमती 2500 रूपये की जप्त की गई एवं मौके पर से 02 बडे बडे ड्रमों में भरा करीब 350 लीटर गुड लहान कीमती 3500 रुपए नष?ट किया गया आरोपी विजय कुशवाह के विरूद्ध धारा 34 आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सिरसौद मुकेश दुबोलिया,प्रआर0 संतोष बैस, प्रआर बाबूलाल ,आर0संजीव , आर0चा0 राजेश मिश्रा की सराहनीय भूमिका रही है।

# अबीर गुलाल लगाकर मनाया होली मिलन का कार्यक्रम




व्यूरो सोनू कुमार माथुर
पुष्पांजली टुडे

एटा नव उन्नति फाउंडेशन के तत्वाधान में परशुराम नगर स्थित श्रीमती मंजू शर्मा के निवास पर होली मिलन समारोह कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया जिसमें सभी पदाधिकारियों ने गुलाल लगाकर एवं एक दूसरे के गले मिलकर होली मिलन कार्यक्रम संयोजिका श्रीमती पूनम यादव एवं आरुषि सक्सेना के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया ।कार्यक्रम में महिलाओं ने होली के गीतों पर जमकर नृत्य कर रंगो एवं फूलों की होली खेली और एक दूसरे के खुशहाल जीवन व उज्जवल भविष्य की कामना की संस्था संरक्षिका वरिष्ठ समाज सेविका बविता जैन ने बताया कि यह पर्व हमारे जीवन में सौहार्दपूर्ण आपसी प्रेम भाईचारा और मन में प्रकट हुई वैमनस्यता को दूर करने के लिएआते हैं जिसमें रंगों का त्योहार होली प्रमुख है इसी श्रंखला में संस्था सचिव श्रीमती पूनम यादव ने कहा कि होलिका और प्रहलाद के कथानक से जुड़े इस पर्व से वर्तमान पीढ़ी पौराणिक कथाओं से अनभिज्ञ है जागरूकता फैलाने के लिये नव उन्नति फाउंडेशन समय-समय पर सामाजिक , धार्मिक एवं शैक्षिक आदि कार्यक्रमों के माध्यम से जन जाग्रति हेतु नई पीढ़ी को अपनी हिंदू संस्कृति से अवगत कराने के लिए संकल्प बद्ध है ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूनम यादव, बविता जैन , मंजू शर्मा, आरुषि सक्सेना, गुंजन सिंह , आकांक्षा शर्मा, आरती शर्मा,रजनी उपाध्याय, शारदा पांडे, रेशम देवी, बाला मिश्रा, शारदा चौहान, सुमन द्विवेदी, सारिका शर्मा, सुनीता शर्मा, विनीता शर्मा, संस्कृति सैनी, सीमा गुप्ता, सुनीता सैनी एवं देवीबाला मिश्रा आदि अधिक संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं ।

# दंदरौआ सरकार के प्रिय शिष्य के दादा जी का निधन,गुरुदेव ने किया शोक व्यक्त

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे

दबोह-दंदरौआ सरकार के प्रिय शिष्य राघवेंद्र खेमरिया के पूज्य दादा जी व कमलेश,मिथलेश,मनोज खेमरिया के पूज्य पिता जी रामरूप खेमरिया का रविवार की शाम निधन हो गया।उनका अंतिम संस्कार रविवार की शाम ही किया गया।उनके अंतिम दर्शन के लिये काफी लोग मौजूद रहे।आपको बता दें कि रामरूप खेमरिया जी काफी सुलझे व सरल स्वभाव के व्यक्ति थे।वहीं राघवेंद्र खेमरिया दंदरौआ सरकार धाम पर मन्दिर के प्रचार प्रसार का कार्य देखते हैं और गुरुदेव के प्रिय शिष्य भी कहे जाते है।जिसके चलते दंदरौआ सरकार धाम व कांक्शी सरकार के महंत परम् पूज्य गुरुदेव रामदास जी महाराज ने राघवेंद्र खेमरिया के दादा जी के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

# ग्रीष्म ऋतु में पेयजल समस्या के निराकरण हेतु आवश्यक तैयारी शीघ्र करें : कलेक्टर

## लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा कर नोडल अधिकारियों को दिए निर्देश

दैनिक पुष्पांजली टुडे

### समय सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न

**भिण्ड ।** कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में समय सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभागार में आयोजित की गई। इस दौरान एडीएम श्री लक्ष्मीकांत पाण्डेय, एसडीएम एवं डिप्टी कलेक्टर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।कलेक्टर श्री श्रीवास्तव ने चुनाव कार्य में संलग्न नोडल अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की और आयोग के निर्देशानुसार स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव के लिए सौंपी गई जिम्मेदारियों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नोडल अधिकारी आयोग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों का पालन करें और चेक लिस्ट के अनुसार सौंपे गए



चुनाव कार्यों का निर्वहन करें।उन्होंने गर्मी के मौसम को दृष्टिगत पीएचई, समस्त सीईओ जनपद एवं सीएमओ को निर्देशित कर कहा कि गर्मी के मौसम में किन गांवों और शहरी क्षेत्र के वार्डों में पेयजल संकट गहराने की आशंका रहती है। ऐसे स्थानों को चिह्नित करते हुए वहां पर पेयजल की समस्या का निराकरण करने के लिए कार्य योजना बनाकर कार्य करें और अभी से तैयारी शुरू करें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में एक-एक मजरे टोले का सर्वे कराकर यह पता लगाएं कि ग्रीष्म ऋतु में कहां-कहां पेयजल संकट हो सकता है और यहां रहने वाले ग्रामीणों के लिए पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करें। पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए, सुनिश्चित करें कि गर्मी के मौसम में आमजन को पेयजल की किसी भी समस्या का सामना ना करना पड़े।

# दबोह पुलिस ने 315 बोर के देशी कट्टा के साथ जिंदा राउंड रखने वाले आरोपी को पकड़ा

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे

***दबोह***-*पुलिस अधीक्षक महोदय श्री असित यादव के निर्देशन में अवैध हथियार बेचने वालो के विरूध्द समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारियों को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था।इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री संजीव पाठक अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लहार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी दबोह निरी.राजेश शर्मा एवं उनकी टीम द्वारा दिनांक 01.04.2024 को जरिये मुखबिर सूचना मिली कि एक ब्यक्ति अस्पताल के पास बारदात करने की नियत से अपने पास अबैध देशी कट्टा लिये खडा है सूचना की तस्दीक हेतु अस्पताल के पास पहुँचे तो एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा जिसे हमराह फोर्स की मदत पकडकर तलासी ली।जिसके पास से एक 315 बोर का देशी कट्टा एवं एक जिंदा राउण्ड मिला आरोपी का कृत्य धारा 25 (1क्क) ( ) आर्म्स एक्ट का दण्डनीय पाया जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के विरूध्द अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया एवं आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायायिक अभिरक्षा भेजा गया।*

***इनकी रही सराहनीय भूमिका***–*उक्त उल्लेखनीय कार्य में थाना प्रभारी दबोह निरी.राजेश शर्मा,उनि भान सिंह सिसोदिया,सउनि राजकिशोर तिवारी, प्रआर. चालक 914 रामकुमार गौतम, प्रआर. 939 आबिद बेग, आर. 865 आशीष शर्मा,आर. 374 अभिषेक यादव आर.260 सोनू तोमर, आर. 477 अजय रजक,आर. 212 रणजीत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।*

# कांग्रेस प्रत्याशी फूलसिंह बरैया का चुनाव कार्यालय का उद्घाटन हुआ

## कांग्रेस के कार्यकर्ता सम्मेलन में वरिष्ठ नेताओं के अलावा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सम्लित हुए

दैनिक पुष्पांजली टुडे

### नेताओं एवं पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस प्रत्याशी को जिताने का लिया संकल्प

### वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया

भिण्ड । भिंड - दतिया में पिछले पैतीस वर्षो से भाजपा के सांसद है लेकिन उन्होंने भिण्ड क्षेत्र में पैंतीस प्रतिशत भी विकास का काम नही किया भिण्ड के युवाओं को रोजगार के लिए बाहर जाना पड़ता है क्योंकि जिले में शिक्षा पर कोई बड़ा काम नही किया हमारे बच्चे तैयारी हेतु पढ़ने के लिए ग्वालियर और कोटा जाते हैं हमारा प्रयास रहेगा उन्हें जो शिक्षा प्राप्त करने बाहर जाना पड़ता है हम वहीं शिक्षा भिण्ड में उपलब्ध कराए। हमारा क्षेत्र के विकास के साथ साथ शिक्षा में जिले को अब्बल बनाना पहला लक्ष्य होगा। ये बात बायपास रोड स्थित वैष्णो मांगलिक भवन में कांग्रेस कार्यालय के शुभारंभ के अवसर पर कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी और भांडेर विधायक फूल सिंह बरैया ने कही। श्री बरैया ने कहा में किसी जाति के खिलाफ नही हूं ,भाजपा आईटी सेल हमारे वर्षो पुराने वीडियो छेड़ छाड़ करके छवि खराब करने का असफल प्रयास कर रही हैं। में सिर्फ अन्याय अत्याचार करने वाले के खिलाफ हूं । फिर वो हमारी जाती का ही क्यों न हो। उन्होंने कहा भाजपा यदि जुमलेबाजी और झूठ का सहारा लेना बंद कर दे तो पचास सीटें भी देश में न जीत पाए।उप नेता प्रतिपक्ष और अटेर विधायक हेमंत कटारे ने कहा भाजपा कभी कांग्रेस को नही हराती है कांग्रेस ही कांग्रेस को हराती है,लेकिन हराने वाले अब पार्टी से बाहर जा चुके है। इसलिए इसबार फूल सिंह बरैया की जीत निश्चित



है,आप सभी कार्यकर्ताओ की ताकत पर वो देहली में संसद में भिण्ड का प्रतिनिधत्व करेंगे। श्री कटारे ने कहा भाजपा ने प्रदेश को कर्जदार बना दिया है। उन्होंने जनता का पैसा विकास में कम विज्ञापन में ज्यादा खर्ज किया है इसलिए प्रदेश के गरीबों और मध्यमवर्गी परिवारों को मंहगाई का बोझ ढोना पड़ रहा है।लोकसभा का यह आम चुनाव नहीं है, बल्कि यह खास चुनाव है। इसलिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मतदाताओं के पास स्थानीय, प्रादेशिक व राष्ट्रीय मुद्दों को लेकर मजबूती के साथ जाना है। इस चुनाव में भाजपा ने 400 पार का नारा दिया है, ताकि वे महापुरुष डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा तैयार किए गए संविधान में परिवर्तन कर सके। भाजपा सवैधानिक एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। भाजपा के खिलाफ बोलने की आजादी छीन ली गई है। जिसने भी खिलाफत की उस पर ईडी, आईटी व अन्य एजेंसियों ने शिकंजा कसा है।



जिससे लोकतंत्र व संविधान खतरे में आ गया है।चौ राकेश सिंह ने कहा लोकसभा चुनाव देश की जनता की लड़ाई है। लोकतंत्र को सुरक्षित रखने के लिए यह लड़ाई हमें मिलकर लड़नी है,बेरोजगारी और संघर्षों में वृद्धि के कारण देश चिंतित है, लेकिन मोदी सरकार अपनी परिचित शैली में देश का ध्यान भटकाने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि लेकिन कांग्रेस लोगों को न्याय दिलाने के लिए अपना संघर्ष जारी रखेगी। कार्यक्रम को जिला कांग्रेस प्रभारी वासुदेव शर्मा, जिलाध्यक्ष मानसिंह कुशवाह,डा.राधेश्याम शर्मा,सपा के प्रदेश उपाध्यक्ष विजयवीर यादव,जिलाध्यक्ष दिनेश बघेल,सेवादल जिलाध्यक्ष संदीप मिश्रा,धर्मेंद्र भदौरिया,पिछड़ावर्ग समन्वय प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष रामशेष बघेल,महेश जाटव,महिला अध्यक्ष रेखा भदौरिया,आप के पूर्व प्रत्याशी राहुल कुशवाह,प्रोफेसर डॉ. चिमन्नलाल हिंडोलिया,रामहर्ष कुशवाह,वीरेंद्र सिंह यादव,जिला संगठन मंत्री इरशाद अहमद,नईम खां पठान,ओम पुरोहित,देवी सिंह तोमर,ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद बघेल,जिला उपाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी,संतोष त्रिपाठी,चतुरसिंह नरवरिया ,स्मिता शर्मा,स्नेहलता जैन,कृष्णा सक्सेना,युवा कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह गुर्जर,पानसिंह सुमन,बलराम जाटव, आदि ने संबोधित किया कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष, मण्डल,सेक्टर , प्रकोष्ठों के पधाधिकारी सहित लगभग एक हजार कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा.अनिल भारद्वाज ने किया। जबकि अभार वरिष्ठ नेता कृष्ण पाल चोराशिया ने किया। इससे पहले कांग्रेस प्रत्यासी फूल सिंह बरैया के साथ विधायक हेमंत कटारे,पूर्व मंत्री लाखन सिंह यादव,पूर्व मंत्री राकेश चौधरी,जिला प्रभारी वासुदेव शर्मा, जिलाध्यक्ष मानसिंह कुशवाह,शहर ज़िला अध्यक्ष डा.राधेश्याम शर्मा के साथ फीता कटकर कार्यालय का शुभारंभ किया।

# 'दबंग 4' पर जल्द लगेगी मुहर

फिल्म दबंग में चुलबुल पांडे के किरदार फैंस सलमान खान को देखना काफी पसंद करते हैं। लंबे वक्त से इस सफल फिल्म फ्रेंचाइजी की चौथे पार्ट को लेकर सुर्खियां तेज हैं, लेकिन अभी तक दबंग 4 की मेकिंग को लेकर कुछ भी फाइनल नहीं हो पाया है। इस बीच अब सलमान खान ने खुद ही इस मामले पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। भाईजान ने बताया है कि क्या आने वाले दिनों में दबंग 4 पर मुहर लगेगी और फिलहाल ये किस वजह से रुकी हुई है। आइए जानते हैं कि दबंग 4 को लेकर सलमान ने क्या-क्या अपडेट दिया है। दबंग फ्रेंचाइजी सलमान खान के छोटे भाई और निर्माता अरबाज खान की मूवी है। इस फिल्म को लेकर कभी अरबाज की तरफ से कोई रिएक्शन आता है तो कभी मीडिया रिपोर्ट्स नया बज क्रिएट करती हैं। इन सब के बीच अब सलमान खान ने दबंग 4 पर अपनी पहली प्रतिक्रिया दी है। हाल ही में अरबाज खान की नई फिल्म पटना शुक्ला की स्क्रीनिंग के दौरान



सलमान से दबंग 4 को लेकर सवाल पूछा गया, जिस पर भाईजान ने कहा है- बहुत जल्द ये फिल्म बनेगी। जैसे ही दोनों भाई एक स्क्रिप्ट पर लॉक हो जाएंगे, इसका निर्माण जरूर होगा। फिलहाल इनको कुछ और बनानी है और हम कुछ और चाहते हैं। इसकी वजह से पेंच फंसा हुआ है। लेकिन जैसी हम दोनों के विचार एक कहानी पर सहमत हो जाएंगे। इसके बाद ही दबंग रिलीज हो जाएगी। सलमान के इस ताजा बयान के बाद यकीनन तौर पर दबंग 4 को लेकर फैंस की एक्साइटमेंट काफी बढ़ने वाली है। साल 2010 में दबंग फिल्म फ्रेंचाइजी की शुरुआत हुई। इस फिल्म ने अपनी शानदार कहानी से फैंस का दिल जीता और चुलबुल पांडे के नए अवतार में सलमान खान ने अपनी अलग पहचान बनाई। आलम ये रहा कि साल 2012 में दबंग 2 और 2019 में दबंग ने भी सफलता के क्रम को जारी रखा।



# आलिया भट्ट ने दिखाया सिंगिंग टैलेंट

बीते साल रॉकी और रानी की प्रेम कहानी जैसी सफल फिल्म करने वालीं अदाकारा आलिया भट्ट किसी अलग पहचान की मोहताज नहीं हैं। शानदार एक्टिंग के लिए आलिया को काफी जाना जाता है। सिर्फ अदाकारी ही नहीं गायकी का हुनर भी अभिनेत्री में कूट कूट-कर भरा है। इस मामले का ताजा नमूना हाल ही में आलिया ने होपा गाला इवेंट में दिया है। इस इवेंट के लिए आलिया भट्ट लंदन में मौजूद हैं। इस दौरान एक लेटेस्ट वीडियो एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में शेयर किया है, जिसमें वह एक मशहूर सिंगर के साथ गाना गाती दिख रही हैं। शुक्रवार को आलिया भट्ट ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर लेटेस्ट पोस्ट को शेयर किया है। इस पोस्ट में होप गाला के दौरान की लेटेस्ट तस्वीरें मौजूद हैं। जिनमें आलिया अपनी खूबसूरती और गॉर्जियस लुक के दम पर महफिल लूट रही हैं। इसके अलावा स्लाइड को आगे बढ़ाने पर आपको अदाकारा का एक वीडियो भी देखने को मिलेगा। इस वीडियो में आप देख सकते हैं कि बॉलीवुड की फेमस सिंगर हर्षदीप कौर आलिया भट्ट की हिट मूवी उड़ता पंजाब का फेमस सॉन्ग एक कुड़ी गाती हुईं दिख रही हैं। इसके साथ ही वही आलिया से इस गाने को गाने का आग्रह करती हैं। जिसके बाद हर्षदीप के साथ आलिया भट्ट इस सॉन्ग को गाती हुई नजर आ रही हैं। अभिनेत्री की मधुर आवाज इस वीडियो में आसानी से सुनने को मिल जाएगी। आलम ये है कि सोशल मीडिया पर आलिया का ये पोस्ट और वीडियो काफी पसंद किया जा रहा है। फैंस उनके इस पोस्ट पर जमकर लाइक और कमेंट भी कर रहे हैं। आने वाले समय में आलिया भट्ट कई मूवीज में नजर आने वाली हैं। जिनमें जिगरा, लव एंड वॉर, यशराज बैनर की स्पाई थ्रिलर और ब्रह्मास्त्र 2 जैसी फिल्मों के नाम शामिल हैं।

# एक्टिंग के बाद अब शहनाज गिल ने किया अपना बॉलीवुड सिंगिंग डेब्यू

**पंजाबी** सिंगर शहनाज गिल को 'बिग बॉस 13' के बाद एक नई पहचान मिली थी। इस शो में आने के बाद शहनाज काफी सुर्खियों में आई थीं। शहनाज हमेशा ही अपने चुलबुले अंदाज की वजह से काफी पसंद की जाती हैं। शो के बाद एक्ट्रेस ने अपने ट्रांसफॉर्मेशन से हर किसी को दंग कर दिया था। शहनाज ने सलमान खान की फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया है। इस फिल्म में उनकी एक्टिंग को काफी पसंद किया गया। वहीं, अब शहनाज ने एक्टिंग के बाद बॉलीवुड में अपना



सिंगिंग डेब्यू किया भी कर लिया है। शहनाज बॉलीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन की आवाज बनीं हैं। 'बिग बॉस 13' फेम शहनाज गिल ने बॉलीवुड के बाद अब अपना ओटीटी पर भी अपना जलवा बिखेरा है। शहनाज ने अपना बॉलीवुड सिंगिंग डेब्यू कर लिया है और वो पहली बार रवीना टंडन की आवाज बनीं। इस बार भी उनका ये ड्रीम प्रोजेक्ट खान की वजह से पूरा हुआ है, लेकिन सलमान खान नहीं बल्कि उनके भाई अरबाज खान की वजह से।

# जल्द रिलीज होगा अंकिता-विक्की का म्यूजिक एल्बम

बिग बॉस 17 में नजर आने के बाद से अंकिता लोखंडे लाइमलाइट का हिस्सा बनी हुई हैं। इस शो में उन्होंने अपने पति विक्की जैन के साथ हिस्सा लिया था। रियलिटी शो में दोनों के बीच काफी लड़ाई-झगड़े देखने को मिले थे। अब एक बार फिर एक्ट्रेस अपने बिजनेसमैन पति के साथ म्यूजिक एल्बम में दिखाई देने वाली हैं। हाल ही में अंकिता ने इस म्यूजिक वीडियो का पहला पोस्टर शेयर किया है। यह कपल अब एक बार फिर बिग बॉस के बाद धमाका करने के लिए पूरी तरह तैयार है।



अंकिता लोखंडे ने शनिवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर अपने गाने का पहला पोस्टर शेयर किया, जिसमें उनका फर्स्ट लुक भी रिवील हो गया। इस म्यूजिक वीडियो का नाम 'ला पिला दे शराब' है। हालांकि, 'ला पिला दे शराब' की रिलीज डेट अभी सामने नहीं है, लेकिन अंकिता-विक्की का यह गाना जल्द ही रिलीज होने वाला है। पोस्टर में देखा जा सकता है कि अंकिता लोखंडे अनारकली सूट पहने हुए एक तरफ बैठे हुए दिखाई दे रही हैं। वहीं, दूसरी तरफ उनके पति विक्की जैन उन्हें बैठ के निहार रहे हैं, उनके हाथ में एक गिलास है। विक्की ने काली पैंट और स्काई शर्ट पहनी हुई है। यह पोस्टर फैंस को फिल्म मुगल-ए-आजम की याद दिलाएगा। इसे शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा कि 'ला पिला दे शराब' जल्द ही आपकी आत्मा को मोहित करने के लिए तैयार। 'ला पिला दे शराब' को सिंगर विशाल मिश्रा ने अपनी आवाज दी है। वहीं, इसे लिखा और कंपोज मनन भारद्वाज ने किया है। बता दें कि कुछ दिनों पहले ही विक्की ने एक इंटरव्यू में यह इच्छा जाहिर की थी कि वह अंकिता के साथ एक सॉन्ग करना चाहते हैं और अब उनकी ये इच्छा जल्द ही पूरी होने वाली है।

# करण जौहर ने सिंगल रहने के बताए फायदे



करण जौहर की शादी को लेकर कई बार उनसे सवाल किया जाता है। करण ने शादी तो की नहीं, लेकिन उनके 2 बच्चे हैं यश और रूही जिनकी वह बतौर सिंगल पैरेंट परवरिश करते हैं। हालांकि इस दौरान उनकी मां उनका सपोर्ट करती हैं। अब करण ने सोशल मीडिया पर सिंगल रहने के फायदे बताए हैं और उन्होंने अपनी बात रखते हुए यह तक कह दिया है कि एनिवर्सरी सेलिब्रेट करने से अच्छा है किसी दूसरे को डेट करो। करण ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, 'एक साथी के बिना हो जाएगा गुजारा। ए सी का टेम्प्रेचर नहीं बदलेगा हमारा। नहीं मिलेगी मोहब्बत, ना सही...सेपरेट बाथरूम का कॉम्प्रोमाइज होगा ही नहीं। मोनोगैमी का डिमांड तो घंटा होगा पूरा। जिंदगी और ऑप्शन्स कहां मिलते हैं दोबारा। अब सिंगल स्टेटस को कर लो सेलिब्रेट। एनिवर्सरी से बेहतर है दूसरी डेट।' बता दें कि कुछ दिनों पहले करण को एक यूजर ने कमेंट किया था कि बहू लेकर आ जाओ मां का टाइमपास हो जाएगा। इस पर करण ने अपनी बात रखी थी कि अपनी लाइफ च्वाइस को लेकर अब मुझे कई बार जज किया गया है और गालियां पड़ी है। लेकिन ये बात मुझे बिल्कुल सही नहीं लगी। पहली बात को कोई भी बहू किसी की भी मां के लिए टाइमपास नहीं है। बहू एक ऐसा लेबल है जिसके साथ फालतू का भार होता है। एक बहू के खुद के अपने राइट्स हैं और वह अपना खुद का टाइम खुद पास कर सकती है चाहे पर्सनल हो या प्रोफेशनल।

# हिना खान अब पंजाबी इंडस्ट्री में आजमा रही किस्मत



टीवी के पारिवारिक शो 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' से हिना खान को जो पहचान मिली, वो किसी भी एक्ट्रेस के लिए आसान नहीं होता। एक शो ने उन्हें रातोंरात स्टार बना दिया था। अब एक्ट्रेस पंजाबी इंडस्ट्री में भी कदम रख चुकी हैं। हिना खान इन दिनों पंजाबी एक्टर गिप्पी ग्रेवाल संग अपकमिंग फिल्म 'शिंदा शिंदा नो पापा' को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही फिल्म का पहला लुक जारी किया गया है, जिसमें उनके बेटे शिंदा हैं और साथ ही हिना खान भी हैं। इस फिल्म के जरिए 'बिग बॉस 11' में नजर आ चुकी जानी मानी एक्ट्रेस हिना खान पंजाबी इंडस्ट्री में डेब्यू कर रही हैं। सोशल मीडिया पर एक्टर ने फिल्म का पहला लुक शेयर किया, जिसमें हिना और गिप्पी को दरवाजे के पीछे छुपते हुए देखा जा सकता है, साथ ही उनका बेटा शिंदा हाथ फैलाए दरवाजे पर खड़ा है और चिल्लाता हुआ नजर आ रहा है। बात अगर इस पोस्टर में हिना खान के लुक की करें तो वह इसमें ऑरेंज और ब्लू कलर की बॉडीकॉन ड्रेस और इसके साथ व्हाइट हील्स पहने नजर आ रही हैं। गिप्पी ने ऑरेंज कलर की टी-शर्ट और ब्लेक जींस पहनी हैं। पोस्ट को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया, टशिंदा शिंदा नो पापा' का फर्स्ट लुक जारी 10 मई 2024 को सिनेमाघरों में मिलते हैं।' बता दें कि टीवी से पॉपुलैरिटी पाने के बाद एक्ट्रेस ने बॉलीवुड में फिल्म 'हैक्ड' से अपने करियर की शुरुआत की थी। हालांकि उनकी ये फिल्म कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई थी। अब वह पंजाबी फिल्मों में अपना दमखम दिखाने के लिए तैयार हैं।

# नो इंट्री के सीक्वल में इंट्री नहीं मिलने से नाराज हुए अनिल कपूर



बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता अनिल कपूर नो इंट्री के सीक्वल में काम नहीं मिलने पर नाराज हैं। अनिल कपूर के भाई बोनी कपूर ने वर्ष 2005 में सुपरहिट फिल्म नो इंट्री बनायी थी। अनीस बज्मी के निर्देशन में बनी फिल्म नो इंट्री में अनिल कपूर, सलमान खान और फरदीन खान ने मुख्य भूमिका निभायी थी। काफी समय से नो इंट्री का सीक्वल बनाने की चर्चा है। बोनी कपूर नो इंट्री का सीक्वल नये कलाकारों को लेकर बना रहे हैं। कहा जा रहा है कि नो इंट्री के सीक्वल में अनिल कपूर, सलमान खान और फरदीन खान नहीं रहेंगे। उनकी जगह वरूण धवन, अर्जुन कपूर और दिलजीत दोसांझ को लिया गया है। अनिल कपूर इस बात से नाराज हैं उन्हें नो इंट्री के सीक्वल से बाहर कर दिया गया है। बोनी कपूर ने बताया है कि अनिल कपूर फिल्म नो इंट्री के सीक्वल में कास्ट न करने के चलते उनसे नाराज हैं और अभी तक बातचीत बंद है। बोनी कपूर ने कहा, मुझे पता है कि अनिन कपूर नो एंट्री के सीक्वल का हिस्सा बनना चाहते थे, लेकिन जगह नहीं थी। वरुण और अर्जुन बहुत अच्छे दोस्त हैं, उनकी केमिस्ट्री कहानी में सामने आ सकती है और दिलजीत आज बड़े हैं। उनकी जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। मैं इसे आज के समय में प्रासंगिक बनाना चाहता था। इसलिए मैंने यह कास्टिंग की।

# ग्लैमरस डॉल बनकर मलाइका ने फैमिली की पार्टी में लगाई हाजिरी



**मलाइका अरोड़ा** और अरबाज खान तलाक के बाद अपनी-अपनी लाइफ में आगे बढ़ चुके हैं। जहां अरबाज ने 24 दिसंबर मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान से निकाह किया। वहीं मलाइका, अर्जुन कपूर के साथ लंबे समय से रिलेशन में हैं। मलाइका और अरबाज को अलग हुए काफी टाइम हो गया है, लेकिन अलगाव के बाद भी दोनों के बीच दोस्ती का रिश्ता बना हुआ है। मलाइका अरोड़ा, खान परिवार से अलग होने के बाद भी उनके साथ अच्छे टर्म्स मेंटेन किए हुई हैं। अरबाज खान की दूसरी शादी पर वह पहुंची तो नहीं थीं, लेकिन अपने एक्स हसबैंड के लिए गुड विशेज जरूर दी थीं। वहीं, मलाइका खुद अर्जुन कपूर के साथ दूसरी शादी को लेकर सुर्खियों में बनी रहती हैं। इस बीच एक्ट्रेस और मॉडल मलाइका ने शुक्रवार की रात अपने एक्स इन लॉज के साथ डिनर का लुत्फ उठाया। मलाइका अपनी मां के साथ मुंबई के एक रेस्टोरेंट में डिनर के लिए पहुंची थीं। इस दौरान यहां उनके एक्स हसबैंड अरबाज खान दूसरी पत्नी शूरा खान के साथ शामिल हुए थे। अरबाज और शूरा ने मलाइका और उनकी मॉम को डिनर पर ज्वाइन किया था। मलाइका इस दौरान काफी गॉर्जियस लग रही थीं। उन्होंने व्हाइट कलर के टॉप के साथ मैचिंग जैकेट और शॉर्ट्स पहने हुए थे। एक्ट्रेस ने अपने बालों को खुला छोड़ा था और ग्लॉसी मेकअप किया हुआ था। वहीं, अरबाज ब्लू डेनिम शर्ट और जींस में नजर आए और वो काफी हैंडसम लग रहे थे। वहीं, उनकी वाइफ शूरा खान ने ब्लैक कलर का आउटफिट पहना था। ऑफ शोल्डर ड्रेस में शूरा ग्लैमरस डॉल लग रही थीं। मलाइका, अरबाज और शूरा के साथ डिनर के लिए सलीम खान भी पहुंचे थे। इस दौरान वह ब्लू डेनिम में नजर आए। बताया जा रहा है कि यह डिनर पार्टी मलाइका और अरबाज के बेटे अरहान के पॉडकास्ट डेब्यू 'डंब बिरयानी' को लेकर थी।

# मन्नारा के बर्थडे पर दीदी प्रियंका और जीजू निक ने लगाए चार चांद

मन्नारा चोपड़ा का अभी जल्दी ही जन्मदिन था, जिसे एक्ट्रेस ने अपने परिवार और करीबी दोस्तों के साथ सेलिब्रेट किया। यह बर्थडे मन्नारा के लिए काफी खास था क्योंकि इसमें उनकी दीदी प्रियंका चोपड़ा और जीजू निक जोनस भी शामिल हुए। प्रियंका और निक को देखकर मीडिया और फैंस की भीड़ वहां इक्ट्ठी हो गई। दोनों जैसे ही वेन्यू पर पहुंचे तो मन्नारा उन्हें लेने के लिए बाहर आईं जहां फिर तीनों ने साथ में फोटोज क्लिक करवाईं। इस दौरान प्रियंका और निक काफी कूल लुक में नजर आए। प्रियंका ने व्हाइट कलर की ड्रेस पहनी थी और निक ने भी व्हाइट कलर की शर्ट और क्रीम कलर की पैंट पहनी थी। इसके बाद प्रियंका ने मन्नारा की मां, बहन और अपनी मां मधु चोपड़ा के साथ भी फोटोज क्लिक करवाईं। वैसे इस दौरान जब मीडिया फोटोग्राफर्स ने प्रियंका को सोलो फोटोज क्लिक करवाने को कहा तो एक्ट्रेस ने



मना कर दिया। एक्ट्रेस ने उन्हें रोका और शांत होने को कहा। इसके बाद अंदर जाकर मन्नारा ने प्रियंका और निक के साथ केक कट किया और सभी ने साथ में बहुत एंजॉय किया। बता दें कि मन्नारा जब बिग बॉस 17 में थीं तब प्रियंका ने उन्हें बहुत सपोर्ट किया था। सोशल मीडिया पर वह मन्नारा के लिए पोस्ट करती थीं। वहीं हाल ही में प्रियंका ने होली सेलिब्रेट की जिसमें परिवार वाले शामिल थे। मन्नारा ने भी प्रियंका, निक और उनकी बेटी मालती के साथ होली सेलिब्रेट की थी।

# 3 साल के बच्चे की नाक में फंसा चने का दाना और डॉक्टर ने पांच सेकंड में निकाला



वियान मोंगिया पिता दीपक मोंगिया तीन वर्ष निवासी ग्राम रतभानपुर खेलते समय नाक में चने का दाना फंस गया कुछ समय परिवार के सदस्यों द्वारा निकाले की कोशिश करते रहे लेकिन नही निकाल सके फिर मुंगावली डॉक्टर अमित पांडेय के पास ले गए तभी डॉक्टर द्वारा पांच दस सेकंड में बच्चे के नाक में फंसा चने के दाने को निकाल दिया गया

कोठी पुलिस की बड़ी कार्यवाही

# अवैध रूप से भारी मात्रा में शराब बेच रहे व्यक्ति को कोठी पुलिस ने भेजा सलाखों के पीछे

**पुस्पंजली टुडे, राजेश कुमार तिवारी ब्यूरो चीफ सतना**

पुलिस अधीक्षक सतना श्री आशुतोष गुप्ता के निर्देशन में, अति. पुलिस अधीक्षक श्री बिक्रम सिंह के मार्गदर्शन में, एसडीओपी नागौद श्रीमती विदिता डागर द्वारा 'आगे बढ़ते कदम- युवा नशा निवारण 'कार्यक्रम की शुरुआत की गई है जिसके तहत अनुभाग के सभी थाना क्षेत्रों को नशा मुक्ति की दिशा में ले जाने के लिए कदम बढ़ाए जा रहे हैं । इसमें मादक पदार्थों की खेती, परिवहन, वितरण एव सेवन के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जा रही है। युवा पीढ़ी ही हमारा भविष्य है और अपने भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए यह आवश्यक है कि हम उन्हें मादक पदार्थों जैसे कि शराब, गाँजे, अफ़ीम, कोरेक्स सिरप इत्यादि के सेवन व नशे से बचाएं। इसी आवश्यकता को मद्धेनज़र रखते हुए इस कार्यक्रम की शुरुआत की गई है।

घटना विवरण - दिनांक 01/04/2024 को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम रनेही आम के बगीचे में एक व्यक्ति महुआ की शराब अवैध रूप से बेचने के लिये रखे है । तब सूचना पर कोठी पुलिस रनेही बगीचा मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंची तो देखा कि एक व्यक्ति वहां 4 प्लास्टिक के बडे साइज के डिब्बे लिये रखे हुये मिला जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया जिसे घेराबदी कर पकडा गया और नाम पता पूछने पर उपरोक्त व्यक्ति ने अपना नाम मिथलेश सेन पिता रामविश्वास सेन उम्र 40 वर्ष निवासी चिरहुली थाना कोठी का होना बताया । फिर संदेही के सभी 4 प्लास्टिक के डिब्बो की तलाशी लेने पर 04 प्लास्टिक के डिब्बों में कुल 60 लीटर हाथ भट्टी की महुआ की देशी शराब पाई गई जिससे शराब बेचने का कागजात व लायसेंस की मांगा गया जो नही होना बताया । आरोपी मिथलेश सेन पिता रामविश्वास सेन उम्र 40 वर्ष निवासी चिरहुली थाना कोठी का कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत दण्डनीय पाये जाने से मौके से गिरफ्तार कर मय जप्त शुदा शराब के थाना आकर अपराध सदर कायम कर विवेचना में लिया गया ।

**जप्त मशरुका कुल**-60 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची महुआ अवैध शराब कीमती 12000 रुपये

**गिरफ्तार आरोपी** - मिथलेश सेन पिता रामविश्वास सेन उम्र 40 वर्ष निवासी चिरहुली थाना कोठी जिला सतना

**सराहनीय भूमिका**- थाना प्रभारी उपनिरी. रूपेन्द्र सिंह राजपूत, सउनि. अश्वनीधर द्विवेदी, सउनि. अनिल तिवारी, प्रआर.236 सुधीश अग्रिहोत्री, आर.596 विशाल नागर, आर. 869 राजमणि साहू, आर. 420 रामनरेश बैगा, आर.38 पंकज कुशवाहा, आर.883 राजपाल बागरी, आर.चा. 49 मानवेन्द्र सिंह, मआर. 180 रुबी सिंह, मआर.359 मनीषा तिवारी, सै.432 रामशरण गौतम, सै. 423 पुष्पेन्द्र सिंह

# अति पिछड़ा-वर्ग महासंघ ने होली मिलन समारोह मनाया





**उप संपादक महेंद्र शर्मा**

ग्वालियर-अति पिछड़ा-वर्ग महासंघ के तत्वाधान मे होली मिलन-शपथ ग्रहण एवं सहभोज का कार्यक्रम अतिपिछड़ी समाजों के ग्वालियर चंबल संभाग से सैंकड़ों की संख्या में एकत्रित हुए सभी समाजों के प्रमुख-प्रमुख लोगों की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। साथ ही प्रत्येक लोकसभा सीट पर अतिपिछ?ा वर्ग का वोट निर्णायक होने के बाबजूद राजनैतिक पार्टीयो की अनदेखी से समाज ने रोष व्यक्त किया। संगठन के अध्यक्ष विजय कुमार जी ने संगठन के विस्तार को लेकर गंभीरता से चर्चा करते हुए बताया कि मध्य प्रदेश के अंदर अति पिछड़ा समाज में 72 जातियां आती हैं जिनका राजनीतिक प्रतिनिधित्व शून्य हैं मध्य प्रदेश के अंदर 230 विधानसभा हैं ऐसी कोई भी विधानसभा नहीं है जिसमें अति पिछड़ी जातियों का वोट बैंक 50 हजार से लेकर 80 हजार तक न हो और मध्य प्रदेश में 29 लोकसभा सीट हैं ऐसी कोई भी सीट नहीं है जिस पर हमारी संख्या लगभग 3 लाख से 4 लाख न हो उसके बावजूद भी किसी भी राजनीतिक पार्टीयों ने अति पिछड़ी समाजों को एक भी टिकट नहीं दिया यह हमारे लिए बहुत ही गंभीर विषय है इस पर चिंतन करने की जरूरत है। इसी बीच समाज के सभी लोगों ने अपने-अपने विचार साझा करते हुए चुनावी रणनीति तैयार की । इस अवसर पर भगवान दास प्रजापति (पूर्व पार्षद) मनोज विश्वकर्मा (प्रदेशाध्यक्ष विश्वकर्मा जन संगठन म.प्र.) मनीष राजपूत (वरिष्ठ समाजसेवी) श्याम प्रजापति सुरेंद्र नामदेव (अध्यक्ष नामदेव समाज) बृजेश श्रीवास (पार्षद) ओमप्रकाश लछ्कार रमेश सूर्यवंशी रामबाबू गौड़ सुरेश प्रजापति आकाश कर्ण, सुरेंद्र सविता,रामबाबू श्रीवास, पहलाद प्रजापति एड. रामसेवक गौड़ पुत्तू प्रजापति, के के प्रजापति, चंदू सेन, बेताल विश्वकर्मा गनेश मथुरिया,प्रमोद सिसोदिया,सुरेश प्रजापति, देव राजपूत,पी.एन लक्षकार श्रीराम विश्वकर्मा रसपति ओझा श्याम सिंह राठौर नवल माझी आदि प्रमुखता से उपस्थित रहे ।

# दस साल पहले एक साथ सीखते थे डांस, अब मिले तो लड़के देते है अश्लील गालियां, की शिकायत

**अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी-खबर शिवपुरी के कोतवाली थाना क्षेत्र से है जहां एक लड़की ने दो लड़कों के खिलाफ़ अश्लील गालियां देने करने का आरोप लगाए है। जानकारी के अनुसार बता दें कि दस साल पहले एक लड़की जो की डांस क्लास पर डांस सीखने के लिए जाती थी जहां नवीन राठौर एवं गगन लक्षकार नाम के दोनो लडके 10 साल पहले डांस क्लास में साथ थे। और जबसे लड़की की इनसे कभी बात नहीं हुई है। और जब लड़की जब त्योहार पर अपने घर शिवपुरी आई करीब 2 दिन के लिये जिसकी जानकारी इनको पता चली और इन्होने लड़की को फोन करना चालू कर दिया। और जब लड़की ने उनसे बात करने को मना किया तब भी उनके बार बार फोन आ रहे है और नवीन व गगन दोनो अश्लील गालिया दिए जा रहे है। दरअसल यह घटना तो ताजी है परंतु एक साल पहले भी जब लड़की इन्दौर में थी तब फोन आये थे जब लड़की ने इनसे बात नहीं की। और जब अभी त्योहार पर शिवपुरी आई 2 दिन के लिये जिसका पता इनको चला और इन्होने में लड़की को फोन करना चालू कर दिया।

जिसकी शिकायत लड़की ने आवेदन के माध्यम से थाना प्रभारी कोतवाली को की ओर हैं और गम्भीरता पूर्वक विचार करके नवीन व गगन के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है।

## बढती गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

स्वास्थ्य विभाग द्वारा बढती गर्मी को देखते हुए इससे बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य डॉ. मोहनसिंह सिसोदिया ने बताया कि भीषण गर्मी में लू लगने की संभावना अधिक रहती हैं। लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और खनिज मुख्यता नमक की कमी हो जाना होता हैं। गर्म लाल व सुखी त्वचा, शरीर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या 104 फेरेनहाईट, उल्टी आना, बहुत तेज सिरदर्द, मांसपेशियों में कमजोरी या ऐठन, सांस फूलना या दिल की धडकन तेज होना, घबराहट होना, चक्कर आना, बेहोशी और हल्का सिरदर्द जैसे लक्षण लू लगने के हैं। लू से बचाव के लिए पानी अधिक मात्रा में पिये, तरल पेय पदार्थ जैंसे छाछ, लस्सी, मठ्ठा, फलों का जूस का सेवन अधिक करे। बच्चें, बुजूर्ग एवं बीमार व्यक्ति घर से बाहर कम निकलें। विशेषतः दोपहर में 12 से 4 बजे तक घर से बाहर ना जाएं। धूप में निकलने से पहले सर एवं कानों को अच्छी तरह से ढक ले। गर्मी के दौरान नरम मुलायम सूती हल्के ढीले ढाले सूती कपडे पहनना चाहिए। लू प्रभावित व्यक्ति को अधिक पानी का सेवन व पेय पदार्थ पिलायें जैसे आम का पना एवं जलजीरा आदि, किसी छायादार व ठंडी जगह में लेटाएं। लू प्रभावित व्यक्ति को ओ.आर.एस. का घोल पिलाएं एवं ठंडे पानी की पट्टी रखे, डॉक्टर को दिखाये या 108 एम्बूलेंस को कॉल करे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मोहनसिंह सिसोदिया ने सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं को लू के प्रबधन एवं बचाव के निर्देश जारी किये हैं। जिसमें ओपीडी में बैठने की उचित व्यवस्था के साथ ठंडे पेयजल की व्यवस्था करना। प्रत्येक मरीज को लू से बचाव की जानकारी देना, लू के उपचार के लिए आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चत।






# लोकसभा चुनाव आचार संहिता के लगते ही सक्रिय हुई पुलिस

**इन्दौर ग्रामीण जोन आई.जी. के नेतृत्व में जोनल पुलिस टीम हुई सक्रिय, आईजी द्वारा स्वयं की जा रही है मॉनीटरिंग**

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

*लोकसभा चुनाव 2024 के शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके संपादित करने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप इंदौर (ग्रामीण) जोन में पुलिस द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है। आई. जी. इंदौर ग्रामीण श्री अनुराग के निर्देशन एवं उप पुलिस महानिरीक्षक इंदौर ग्रामीण रेंज श्री निमिष अग्रवाल तथा उप पुलिस महानिरीक्षक निमाड रेंज श्री अतुल सिंह के नेतृत्व में पुलिस द्वारा सीमावर्ती राज्यों से समन्वय स्थापित करते हुये बॉर्डर मीटिंग का आयोजन, अन्तर्राज्यीय नाकों की स्थापना एवं अवैध शराब, अवैध हथियार, मादक पदार्थो एवं अन्य गतिविधियों के विरुद्ध आपराधिक एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही आदर्श आचार संहिता के लागू होने के दिनांक से निरंतर की जा रही है । इस क्रम में इंदौर जोन से लगने वाले सीमावर्ती राज्यों से समन्वय स्थापित करते हुए, पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) स्तर से लेकर थाना प्रभारी स्तर तक राजस्थान, गुजरात एवं महाराष्ट्र के प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ 33 बॉर्डर मीटिंग आयोजित की गई हैं। इस मीटिंग में आपसी समन्वय, संयुक्त पुलिस ऑपरेशन, विभिन्न वारंटो की सूची का आदान-प्रदान एवं चेकिंग हेतु अंतर्राज्यीय नाकों की स्थापना की गई है । अंतर्राज्यीय पुलिस नाकों पर वाहनों की चेकिंग की जाकर अवैध परिवहन एवं गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। वर्तमान में ज़ोन के 6 जिलों झाबुआ, अलीराजपुर, खरगोन, खंडवा, बड़वानी और बुरहानपुर में कुल 32 नाके सक्रिय हैं । आचार संहिता लागू होते ही इंदौर ग्रामीण जोन पुलिस टीम द्वारा सक्रियता से कार्यवाही की जा रही है, विगत 15 दिवस में पुलिस द्वारा की गई विशेष कार्यवाहियाँ है।*

# प्रेम प्रसंग के चलते युवक युवती ने लगाई फांसी

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ बेताल सिंह गौड़**

मैं प्र.आर.398 इरशाद अली थाना मौ पर एचसीएम के पद पर पदस्थ हुँ। आज दिनांक व समय पर आर. 1193 महेश यादव द्वारा दैहाती नालसी मर्ग 0/24 धारा 174 जाफौ. लाकर असल मर्ग कायमी हेतु पेश किया। दैहाती नालसी हस्व जेल है। देहाती नालसी मर्ग थाना मौ जिला भिण्ड मर्ग क्र 0/2024 धारा 174 जाफौ., नाम सूचनाकर्ता/फरियादी प्रमोद रावत पुत्र स्व. श्री रामकरण रावत उम्र 34 वर्ष नि. ग्राम चम्हेणी मो. 7828019228, नाम मृतक छोटेलाल उर्फ छोटू कुशवाह ह्य/श स्व.श्री बाबूलाल कुशवाह उम्र 19 वर्ष नि. बडैरा, नाम मृतिका मालती स्त्र/श राजेन्द्र कुशवाह उम्र 17 वर्ष 11 माह नि. मिश्री का पुरा ग्राम चम्हेणी, घटना दिनांक व समय दिनांक 31/03/2024 के रात्रि 12.00 बजे से दिनांक 01/04/2024 के प्रातः 06.00 बजे के मध्य दरमियानी रात, घटना स्थल राजेन्द्र कुशवाह व महेश कुशवाह के खेत के बीच की मेड पर लगा छोले का पेड मिश्री का पुरा ग्राम चम्हेणी, सूचना दिनांक व समय दिनांक 01/04/2024 के प्रातः 08.30 बजे, देहाती नालसी लेखकर्ता उनि.विवेक प्रभात चौकी प्रभारी झांकरी, विवरण सूचनाकर्ता प्रमोद रावत ह्य/श स्व. श्री रामकरण रावत ने घटना



स्थल पर जुबानी रिपोर्ट की कि मैं उपरोक्त पते का निवासी होकर ग्राम कोटवार (चौकीदार) हुँ, मुझे ग्राम में पता चला कि राजेन्द्र कुशवाह व महेश कुशवाह के खेत के बीच की मेड पर लगे छोले का पेड मिश्री का पुरा ग्राम चम्हेणी पर एक लडका व एक लडकी ने फाँसी लगा ली है तो मैंने जाकर देखा कि राजेन्द्र कुशवाह व महेश कुशवाह के खेत में मेड के मध्य लगे छोले के पेड पर राजेन्द्र कुशवाह की लडकी मालती स्त्र/श राजेन्द्र कुशवाह उम्र वर्ष नि. मिश्री का पुरा व उनके पहचान के लडके छोटेलाल उर्फ छोटू कुशवाह ह्य/श स्व. श्री बाबूलाल कुशवाह उम्र 19 वर्ष नि. बडैरा थाना गोहद ने दुपट्टा व मफलर से फाँसी लगा ली द लडका लडकी ने फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली है जिन्हें मैने हाथ से नब्ज देखी तो नहीं चल रहा थी, दोनों साँस नहीं ले रहे थे, मृत्यु हो गयी थी, सो रिपोर्ट करता हूँ कार्यवाही की जावे। हस्ताक्षर हिन्दी प्रमोद उक्त घटना पर से देहाती नालसी लेख की जाकर असल कायमी हेतु आर. 1193 महेश के हस्ते थाना मौ भेजी जाती है। हस्ताक्षर अंग्रेजी में अपठनीय चौकी प्रभारी उनि. विवेक प्रभात 01/क्क/24 उक्त देहाती मर्ग इन्टीमेशन पर से असल मर्ग पंजीबद्ध किया जाता है।

# शिवना ने सीहोर का साहित्य का गढ़ बना दिया-प्रेम जनमेजय

सीहोर। अब सीहोर का नाम देशभर में जाना जा रहा है, लेकिन जिस शहर का नाम नहीं सुना था, उस शहर का नाम एक साहित्यकार ने देशभर में प्रसिद्ध कर दिया। साहित्य के क्षेत्र में सीहोर का नाम पहले जाना गया और अब शिवना प्रकाशन सीहोर को साहित्य का गढ़ बना रहा है। शिवना प्रकाशन का साहित्य समागम और अलंकरण कार्यक्रम खास होता है और यही कार्यक्रम इस शहर को साहित्य का गढ़ बना रहा है। कार्यक्रम में जिन साहित्यकारों को सम्मानित किया जाता है। उनका चयन निर्णायक मंडल बारीकी से अध्ययन कर करता है। जिससे चयन में हमेशा पारदर्शिता बनी रहती है। उक्त बातें रविवार को शहर के क्रीसेंट रिजार्ट एंड क्लब के लीजो हाल में आयोजित शिवना साहित्य समागम कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध व्यंग्यकार और व्यंग्य यात्रा के संपादक डॉ. प्रेम जनमेजय ने कही। वे बतौर मुख्य अतिथि इस कार्यक्रम में शामिल हुए थे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद वरिष्ठ कथाकार और उपन्यासकार गीताश्री ने कहा कि शिवना प्रकाशन एक सहारनीय कार्य कर रहा है। साहित्यकारों के सम्मान में इस तरह के आयोजन नहीं किए जाते। यह आयोजन उत्सव की तरह है और उत्सव हमें ऊर्जा देते हैं। यह आयोजन साहित्यकारों को प्रोत्साहित करता है। साथ ही शिवना हमेशा से ऐसे साहित्यका जो बड़े शहरों के प्रकाशनों के चक्कर काट कर साहित्य से दूर होने लगने हैं उनका साथ देता है। नए लोगों को आगे लाने के लिए शिवना निरंतर प्रयास कर रहा है। यह आयोजन लगातार नई ऊंचाईयों को छू रहा है और आगे भी इसी तरह निरंतर आगे बढ़ता रहेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ कथाकार, उपन्यासकार महेश कटारे ने कहा कि छोटे शहर, कस्बे और गांव अब भी साहित्य से दूर हैं। शिवना प्रकाशन एक छोटे शहर में काम कर रहा है और बड़े देशों के साहित्यकारों की किताबें छाप रहा है। साहित्य को छोटे शहरों और गांवों से जोड़ने का प्रयास हम सब को करना चाहिए। शिवना इस दिशा में काम कर रहा है यह सुखद है और सराहनीय भी। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के कई शहरों के साथ ही दूसरे प्रदेश के साहित्यकार भी शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन कर रहे प्रसिद्ध साहित्यकार पंकज सुबीर ने अतिथियों को सीहोर के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीहोर शरबती गेहूं के लिए प्रसिद्ध है और हमारे शहर के अनाज व्यापारी अनिल पालीवाल ने एक पहल की है। वो चाहते हैं कि अतिथियों को स्मृति चिन्ह के रूप में शरबती गेहूं भेंट किए जाए। ताकि वे जान सकें कि सोने सी चमक वाले सीहोर के शरबती गेहूं की क्या खास बात है। इसके साथ ही कार्यक्रम में मालवा के कबीर गीतों की प्रस्तुति प्रहलाद प्रजापति ने दी। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को मालवा के व्यंजनों का स्वाद चखाया गया।

## शिवना साहित्य समागम में शामिल हुए देशभर से आए साहित्यकार, स्मृति चिन्ह के रूप में साहित्यकारों को भेंट किए शरबती गेहूं

**इन्हें किया सम्मानित**-शिवना सम्मानों के लिए बनाई गई चयन समिति के संयोजक तथा लेखक आकाश माथुर और प्रकाशन के महाप्रबंधक शहरयार खान ने बताया कि शिवना द्वारा दो सम्मान प्रदान किए जाते हैं। एक अंतर्राष्ट्रीय शिवना सम्मान जो वर्ष भर में सभी प्रकाशनों द्वारा प्रकाशित साहित्य की सभी विधाओं की पुस्तकों में से निर्णायकों द्वारा चयनित एक पुस्तक को प्रदान किया जाता है तथा दूसरा शिवना कृति सम्मान जो वर्ष भर में शिवना प्रकाशन द्वारा प्रकाशित पुस्तकों में गुणवत्ता तथा विक्रय के सम्मिलित आधार पर एक पुस्तक को प्रदान किया जाता है। वर्ष 2023 के लिए शिवना प्रकाशन ने




अंतर्राष्ट्रीय शिवना सम्मान से अयोध्या के युवराज यतींद्र मिश्र को उनकी किताब गुलजार साब-हजार राहें मुड के देखी के लिए सम्मानित किया। वहीं शिवना कृति सम्मान कविता संग्रह इतना तुम मय होकर के लिए लेखक स्नेह पीयूष को प्रदान किया गया। इसके साथ ही वर्ष 2021 का अंतर्राष्टीय शिवना सम्मान हरि भटनागर को और 2022 का सम्मान नीलेश रघुवंशी को दिया गया। शिवना कृति सम्मान 2021 ओमप्रकाश शर्मा और आदित्य श्रीवास्तव को दिया गया। साथ ही आयोजन में ढ़ींगरा फैमली फाउंडेशन सीहोर अखिलेश राय को अवार्ड ऑफ एक्सीलेंसी सम्मान से सम्मानित किया।

**शिवना नव लेखन सम्मान की घोषणा**-आयोजन में ऑनलाइन जुड़ी वरिष्ठ साहित्यकार सुधा ओम ढ़ींगरा ने कार्यक्रम में ऑनलाइन संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में शिवना की आगामी कार्य योजनाओं से भी अवगत कराया। उन्होंने बताया कि शिवना आगामी वर्ष सें एक और सम्मान देने जा रही है। यह सम्मान नव लेखकों के लिए होगा। साथ ही उनकी किताब का प्रकाशन शिवना प्रकाशन करेगा। उन्होंने यह भी बताया कि प्रकाशन अब एक लिमिटेड कंपनी के रूप में काम करेगी और वो अमेरीका के सरकारी पुस्तकालयों में हिन्दी की किताबों का अधिकारिक वेंडर भी है। शिवना रचनाएं के साथ मिलकर जल्द ही ऑडियो बुक भी लांच करने जा रहा है।

**किताब विमोचन**-शिवना प्रकाशन ने आयोजन में दो किताबों का विमोचन भी किया। जिसमें लेखक शैली बक्शी खड़कोतकर का कहानी संग्रह सुनो नीलगिरी और लेखक पारुल सिंह का ऐ वहशते-दिल क्या करूं शामिल है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पारुल सिंह, लोकेंद्र मेवाड़ा, दिलीप शाह, अनिल पालीवाल, कैलाश अग्रवाल, अशोक राय, राजेश चाण्डक, उमेश शर्मा, सुदर्शन राय, हितेन्द्र गोस्वामी, सुनील भालेराव, राजकुमार राठौर, अथर अली, सुरेंद्र सिंह ठाकुर, जोरावर सिंह, स्वदेश विश्वकर्मा, सनी गोस्वामी, अभिमन्यु पुरोहित, शहरयार, जीतेन्द्र राठौर, सचिन पुरोहित, सुनील पेरवाल, शिवम गोस्वामी आदि मौजूद रहे।


स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478